आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 35, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

**मुंबई।** टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।




## अहमदाबाद में मौत की उड़ान

हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# उड़ते ही रिहायशी इलाके में गिरा एयर इंडिया का विमान

# 280 से ज्यादा मौत

### मरने वालों में विमान में सवार थे 241 यात्री 265 शव आधी रात तक अस्पताल लाए गए

### डॉक्टरों के हॉस्टल पर गिरते ही फ्लाइट एआई171 में लगी आग, जिंदा जले लोग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

एयर इंडिया का लंदन के गैटविक जा रहा विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के बिल्डिंग पर गिर गया, गिरते ही विमान में आग लग गई। हादसे में 280 से अधिक लोग मारे गए। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। विश्वास कुमार रमेश नामक एक यात्री, जो बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) की 11ए सीट पर बैठा था, चमत्कारिक रूप से बच गया। बाकी 241 यात्रियों की मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त कानन देसाई ने कहा कि 265 शव शहर सिविल अस्पताल पहुंचाए जा चुके हैं। एयर इंडिया के मुताबिक, विमान में सवार 230 यात्रियों में से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक थे। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में कार्यरत डॉ. शरीक एम ने बताया कि हादसे में जीवित बचे रमेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपने भाई के साथ लंदन जा रहा था। हादसे के बाद अहमदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में करीब सवा लाख लीटर ईंधन था। ईंधन जलने के कारण तापमान इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने कहा कि अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे।

अहमदाबाद में हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) ने बताया कि विमान के पायलट ने अपराह्न 1.39 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद 'मेडे' (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, जो पूर्ण आपात स्थिति का संकेत था। विमान के 'ब्लैक बॉक्स' (फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर) की भी तलाश जारी है, ताकि यह पता चल सके कि अंतिम पलों में क्या हुआ था। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद एकदम तेजी से नीचे आया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान 11 साल पुराना था। विमानन विशेषज्ञों ने बताया कि विमान नीचे गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट की ऊंचाई पर गया था। डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य







उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।



अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

### शिनाख्त के लिए होगा डीएनए परीक्षण

**अहमदाबाद।** विमान हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण किया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने डीएनए नमूने एकत्र किए जाएंगे।

### कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### हादसे में आगरा के दंपती की भी मौत



**आगरा।** विमान हादसे में आगरा के दंपती की भी मौत हो गई। नीरज लवानिया और उनकी पत्नी अपर्णा लवानिया आगरा में अकोला कस्बे के रहने वाले थे। अकोला में ही रहने वाले नीरज के बड़े भाई सतीश लवानिया के अनुसार नीरज अहमदाबाद के वडोदरा क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। कई साल पहले वह वहीं पर शिफ्ट हो गए थे। वह अपनी पत्नी अपर्णा को लंदन घुमाने ले जा रहे थे। नीरज लवानिया बडोदरा की एक कंपनी में मैनेजर थे। कई सालों से वह वडोदरा की फेदर स्काई विलास कालोनी में परिवार के साथ रहते थे। सतीश का कहना है कि नीरज 10 दिन की लंदन यात्रा अपनी वाइफ अर्पणा के साथ जा रहे थे। उनकी 15 साल की बेटी घर पर नानी के पास थी। सतीश ने बताया कि गुरुवार सुबह नीरज ने एयरपोर्ट जाते वक्त मुझसे फोन पर बात की थी। दोबारा उनसे संपर्क नहीं हो सका। हमें अहमदाबाद में लंदन की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली। एयर इंडिया द्वारा जारी की गई विमान यात्रियों की लिस्ट में नीरज और उनकी पत्नी का नाम 38 और 39 नंबर सीट पर था।

### चमत्कार : अपने पैरों पर चलकर विमान से निकले रमेश

## 800 फीट से गिरकर भी बचे विश्वास



- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अस्पताल पहुंचकर लिया हाल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया।

हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित कई यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा।

अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। उधर, अहमदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं। विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों से डीएनए नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और गुजरात में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय पीड़ितों के डीएनए की जांच करेंगे। विमान दुर्घटना के बाद भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं विशेषज्ञ नहीं हूं, इसके कारण के बारे में अनुमान लगाना मेरे लिए उचित नहीं होगा।

## घटनास्थल पर दुर्गंध, धुएं, मलबे और तबाही का मंजर

### विमान के 1.25 लाख लीटर ईंधन ने आग लगने के बाद मचाई तबाही, बचाव कार्य जारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। आग लगने के बाद इस ईंधन ने सब तबाह कर दिया। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद हवा में विमान के ईंधन और जले हुए इंसानी शवों की तेज दुर्गंध फैली रही। इस दुखद घटना के नौ घंटे बाद भी, दुर्घटना स्थल के आसपास के पेड़ों के जले हुए तनों पर आग के अवशेष टिमटिमा रहे हैं, जो आग की भयावहता की याद दिलाते हैं।



बीजे मेडिकल कॉलेज एवं सिविल अस्पताल परिसर में असहनीय बदबू फैली हुई है। विमान के गिरने से मेडिकल कॉलेज की तीन इमारतें बुरी तरह प्रभावित हुईं, जिनमें एक मेस हॉल भी शामिल है, जहां एमबीबीएस के कई छात्र भोजन कर रहे थे। आग की वजह से अस्पताल के कर्मचारियों के आवास वाली पांच मंजिला दो इमारतों को भी भारी नुकसान पहुंचा। इमारतें पूरी तरह से काली हो गईं।

विमान के मलबे के बड़े-बड़े टुकड़े दुर्घटनास्थल पर बिखरे पड़े थे, जिनमें टूटी हुई धातु, मुड़ी हुई बीम और चारकोल के अवशेष शामिल थे, जो काले पड़ चुके खोल में तब्दील हो चुके थे। विमान के पंख का एक बड़ा टुकड़ा जमीन पर पड़ा हुआ था। विमान का पिछला हिस्सा कॉलेज के मेस की इमारत में फंसा रह गया। गुजरात पुलिस, अग्निशमन विभाग और कई आपातकालीन एजेंसियों के कर्मियों वाली बचाव टीम देर रात तक काम पर लगी रहीं।

### पांच एमबीबीएस छात्र, एक डॉक्टर और सुपरस्पेशलिस्ट की पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज में एयर इंडिया के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण एमबीबीएस के कम से कम पांच छात्रों, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और एक सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की मौत हो गई, जबकि 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल हो गए। अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर तलाशी अभियान अभी भी जारी है और मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। जो शव बरामद हुए हैं, वे पूरी तरह जले हुए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि जिस समय विमान गिरा दोपहर के भोजन का समय था, इसलिए अधिकतर छात्र और रेजिडेंट डॉक्टर भोजन के लिए मेस में मौजूद थे।






**2014**
में एयर इंडिया के बेड़े में शामिल किया गया था हादसाग्रस्त विमान

**2013**
में बोईंग कंपनी के इस बीटी-एएनबी विमान ने पहली उड़ान भरी थी

**8200**
घंटों की उड़ान का अनुभव था मुख्य पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल को

**1100**
घंटे की उड़ान को भर चुका था को पायलट क्लाइव कुंदर



विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।



# जोरदार धमाका... विमान के उड़ गए परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग



घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं। हादसे में 300 से ज्यादा लोगों की जानें चली गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे।



मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की तलाश कामयाब नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है।

## टेक ऑफ करते ही की थी मेडे कॉल बैक

अहमदाबाद। एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।

## पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।

## उड़ान भरने से जुड़ी प्रणालियों पर अमेरिकी विशेषज्ञ ने जताया संदेह

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी विमानन विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की प्रणालियों एवं उपकरणों को सही ढंग से परखा नहीं गया था और पहली नजर में यह दुर्घटना अचरज में डाल रही है। हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था जो चौड़े आकार वाला और दो इंजन से लैस होता है। एविएशन सेफ्टी नेटवर्क के आंकड़ों के अनुसार, 2009 में सेवा में आने के बाद से किसी ड्रीमलाइनर विमान की यह पहली दुर्घटना है।

विमानन सुरक्षा सलाहकार जॉन एम कॉक्स ने कहा कि जांचकर्ता पहला सवाल यह पूछेंगे कि एयर इंडिया का यह विमान उड़ान भरने के लिए सही ढंग से तैयार था या नहीं। वाशिंगटन डीसी स्थित सेफ्टी ऑपरेटिंग सिस्टम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी, लेकिन हादसे के समय की तस्वीरों से ऐसे सवाल उठते हैं कि विमान के ऊंचा उठने के समय स्लैट्स और फ्लैप्स सही स्थिति में थे या नहीं। उन्होंने कहा कि तस्वीर में हवाई जहाज का अगला नुकीला हिस्सा 'नोज' ऊपर की ओर उठता हुआ और फिर नीचे की ओर गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। इससे पता चलता है कि हवाई जहाज पर्याप्त उठान नहीं ले पा रहा है।

स्लैट्स और फ्लैप्स को इस तरह से रखा जाना चाहिए कि पंख कम गति पर अधिक लिफ्ट बना सके। कॉक्स ने कहा कि विमान को पीछे से देखने पर ऐसा नहीं लगता कि पीछे के किनारे के फ्लैप्स उस स्थिति में हैं, जैसी संभावना है। लेकिन मैं इस बात को लेकर बहुत सतर्क हूं कि तस्वीर की गुणवत्ता इतनी अच्छी नहीं है कि मैं कोई निष्कर्ष निकाल सकूं।



घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।



विमान हादसे मे मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।



इमारत से विमान के टकराने से पूर्व कैंटीन में छात्र खाना खा रहे थे।



हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### विमानन इतिहास की भयानक दुर्घटना



**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे पर गहरा दुख जताते हुए इसे विमानन इतिहास के सबसे भयानक हादसों में से एक बताया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हादसे से जुड़े सवालों पर कहा, विमान दुर्घटना बहुत भयानक थी। मैंने उन्हें (भारत को) पहले ही बता दिया है कि हम जो कुछ भी कर सकते हैं, वह करेंगे। वह (भारत) एक बड़ा देश है, एक मजबूत देश है और वे इससे निपट लेंगे।

### बोइंग के सीईओ ने एअर इंडिया के चेयरमैन से बात की

**मुंबई।** बोइंग के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केली ऑर्टबर्ग ने अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से बात की। ऑर्टबर्ग ने यह जानकारी दी। ऑर्टबर्ग ने एक बयान में कहा, एअर इंडिया की (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की) उड़ान संख्या 171 में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के प्रियजनों के साथ-साथ अहमदाबाद में प्रभावित सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। उन्होंने कहा, मैंने एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से बात की है और अपना पूरा समर्थन देने की पेशकश की है।

### ईंधन जलने से बढ़े तापमान में बचाने की गुंजाइश नहीं थी : शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने संवाददाताओं से कहा, विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे। शाह ने कहा, अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं।



### विमानन सुरक्षा मजबूत करने के लिए समिति गठित करेगी सरकार

**मुंबई।** केंद्र सरकार एअर इंडिया विमान दुर्घटना के मद्देनजर विमानन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति गठित करेगी। लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की ओर से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनास्थल का दौरा करने वाले नायडू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "इसके अलावा, सरकार इस घटना की गहन जांच के लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर रही है।" उन्होंने बताया, "समिति विमानन सुरक्षा को मजबूत करने और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए काम करेगी।



### हंसते-खेलते परिवार ने ली आखिरी सेल्फी... सभी की हादसे में मौत

**राजस्थान।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के रहने वाले डॉ. प्रदीप व्यास फैमिली के साथ लंदन शिफ्ट होने वाले थे। डॉ. प्रदीप व्यास और उनकी पत्नी डॉ. कोनी व्यास ने विमान में ही तीन बच्चों के साथ सेल्फी ली थी। सभी लंदन जाने की खुशी में नजर आ रहे थे। यह अब उनकी आखिरी सेल्फी हो गई। इस हादसे में डॉ. प्रदीप व्यास के परिवार के पांचों सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई।

**लंदन शिफ्ट हो रही थी डॉ. कोनी फैमिली :** डॉ. कोनी व्यास उदयपुर के पेसिफिक हॉस्पिटल में काम करती थी, जबकि उनके पति डॉ. प्रदीप जोशी में लंदन में डॉक्टर थे। डॉ. कोनी ने पति के साथ लंदन शिफ्ट होने के लिए कुछ दिनों पहले ही उदयपुर की नौकरी छोड़ दी थी। उदयपुर के एक हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि डॉ. कोनी व्यास ने एक महीने पहले यहां से जॉब छोड़ दी वे उनके पति के साथ ही रहने के लिए लंदन जा रही थी, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया।



### शांत स्वभाव और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे रूपाणी

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी अपने शांत स्वभाग और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे। रूपाणी (68) अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने गुजरात को कोरोना से उभारने में राज्य का नेतृत्व करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने कॉलेज के दिनों में रूपाणी एक छात्र नेता थे जिन्होंने कई आंदोलनों का नेतृत्व किया और उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में काम किया। रूपाणी ने 1975 में आपातकाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भावनगर जेल में एक वर्ष के कारावास की सजा काटी थी। राजकोट नगर निगम में पार्षद चुने जाने के साथ ही 1987 में उन्होंने जन सेवा में प्रवेश किया और बाद में वह महापौर बने। वह 2006 से 2012 के बीच राज्यसभा के सदस्य भी रहे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में राज्य औद्योगिक नीति 2020 की शुरूआत और आदिवासी उत्थान के लिए पहल देखी गई। रूपाणी ने सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी इस पहल से राज्य चुनावों से पहले ही भूपेंद्र पटेल के लिए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया।



### एक हफ्ते में इन रूटों पर भरी थी उड़ान

**6 जून :** यह प्लेन दिल्ली से फ्रैंकफर्ट गया और फिर वापस आया।

**7 जून :** यह विमान दिल्ली से पेरिस गया और फिर वापस आया।

**8 जून :** प्लेन दिल्ली से मेलबर्न गया और फिर वापस आया।

**9 जून :** प्लेन दिल्ली से टोक्यो गया और 10 जून को वापस आया।

**11 जून :** यह प्लेन एआई 147 नंबर से दिल्ली से पेरिस के लिए सुबह 5:27 पर रवाना हुआ।

**12 जून :** एआई 148 नंबर से पेरिस से दिल्ली सुबह 1:10 बजे पहुंचा।

**12 जून :** यह प्लेन एआई 423 नंबर से सुबह 10:07 दिल्ली से उड़ान भरा, सुबह 11.40 पर अहमदाबाद पहुंचा।

**12 जून :** एआई 171 नंबर से दोपहर 1:38 पर अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ा और उड़ान भरते ही क्रैश हो गया।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 35, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल 14

महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध 12

# सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए आगे आएं छात्र : योगी

## मुख्यमंत्री ने लोकभवन में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को नसीहत दी कि वे समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखें। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों की कंप्लेंट करें। संपत्ति नष्ट करने वालों का वीडियो वायरल करें, बाकी पोस्टर लगाकर सबक सिखाने के लिए सरकार है।

मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए गुरुवार को लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक संपत्ति निजी संपत्ति नहीं है। यह पूरे समाज के योगदान से बनती है। अगर कोई इसे नुकसान पहुंचाता है तो वह राष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहा होता है। इस तरह के कृत्यों को उजागर किया जाना और रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी के पास मोबाइल फोन हैं। अगर किसी को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए देखते हैं, तो उसका वीडियो बनाएं और उसे वायरल करें। हम सुनिश्चित करेंगे कि उस व्यक्ति की पहचान करके उससे वसूली की जाए। यूपी बोर्ड, सीबीएसई व अन्य बोर्ड परीक्षा के टापर रहे 166 मेधावियों को स्कूटी, लैपटॉप व एक-एक लाख रुपये देकर सम्मानित करने और 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों में 179 पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें नसीहतें भी दीं। मुख्यमंत्री ने संस्कृत शिक्षा परिषद व निदेशालय के नए भवन का शिलान्यास भी किया।

उन्होंने यह भी कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम बताते हैं कि बालिकाएं ज्यादा मेहनत करती हैं, जबकि बालक मेहनत करने में थोड़ा पीछे हैं। जिन छात्रों ने यहां पर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है उन्हें एक लाख रुपया नकद, एक टैबलेट, एक प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया है। इस अवसर वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार और डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा मौजूद भी रहे। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी संभल से वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़ीं।



लोकभवन में सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

### पहली बार स्कूली खेलों के पदक विजेता हुए सम्मानित

प्रदेश के 363 खिलाड़ियों ने 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें 179 पदक प्राप्त किए हैं। इसमें 51 स्वर्ण पदक, 46 रजत पदक और 82 कांस्य पदक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 75 हजार रुपये, रजत पदक प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपये और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले को 30 हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिए। टीम गेम्स में जिन छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण पदक जीता उन्हें 35-35 हजार रुपये, रजत पदक पर 25-25 हजार और कांस्य पदक पर 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

# ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में भारत 131वें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विश्व आर्थिक मंच की ताजा रिपोर्ट में दो पायदान नीचे खिसका

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत 64.4 प्रतिशत के समग्र लैंगिक समानता स्कोर के साथ 131वें स्थान पर रहा। वर्ष 2024 की तुलना में दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के बेहतर प्रदर्शन के कारण भारत की रैंकिंग में तुलनात्मक रूप से गिरावट आई है। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में 0.3 अंकों का सुधार हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी है, जहां इसका स्कोर .9 प्रतिशत बढ़कर 40.7 प्रतिशत हो गया है।

### श्रम बल भागीदारी में बेहतर हुआ प्रदर्शन

श्रम बल भागीदारी दर में अंक पिछले वर्ष के समान (45.9 प्रतिशत) रहा - जो कि भारत में अब तक का सर्वोच्च है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शैक्षिक प्रगति के मामले में भारत ने 97.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जो साक्षरता और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिलाओं की हिस्सेदारी में सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार इसके परिणामस्वरूप समग्र उपसूचकांक के स्कोर में सकारात्मक सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कि भारत में स्वास्थ्य और जीवन रक्षा में भी उच्च समानता दर्ज की गई है। यह जन्म के समय लिंगानुपात और स्वस्थ जीवन प्रत्याशा में सुधार के कारण संभव हुआ है।

### राजनीतिक सशक्तीकरण में पिछड़ीं महिलाएं

रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में राजनीतिक सशक्तीकरण के मामले में पिछले संस्करण के बाद से समानता में मामूली गिरावट (-0.6 अंक) दर्ज की गई है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 14.7 प्रतिशत से घटकर 2025 में 13.8 प्रतिशत हो गया, जिससे लगातार दूसरे वर्ष सूचकांक 2023 के स्तर से नीचे रहा। इसी प्रकार, मंत्रिस्तरीय भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 6.5 प्रतिशत से घटकर 5.6 प्रतिशत हो गई है और इस तरह इस वर्ष संकेतक स्कोर अपने उच्चतम स्तर (2019 में 30 प्रतिशत) से और कम हो गया है।

## शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 5.98 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

- शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों के अनुरूप प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत गिरकर 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 991.98 अंक यानी 1.20 प्रतिशत गिरकर 81,523.16 अंक पर आ गय था। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, 1,282 शेयरों में तेजी आई ।

# खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर 2.82 % पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी



- फल और सब्जियों के दाम घटने से मई में घटी कीमतें

फलों एवं सब्जियों की कीमतों में नरमी से मई में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। यह लगातार चौथा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति (महंगाई) भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से कम रही है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर फरवरी, 2019 में रहा था जब यह 2.57 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 8.69 प्रतिशत थी। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा कि मई, 2025 के महीने में मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं उत्पादों, घरेलू सामान एवं सेवाओं, चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों में नरमी के कारण है।

# आगरा में चांदी फैक्ट्री में धमाका, दो लोगों की मौत

आगरा, एजेंसी

- सिलेंडर फटने से हुआ हादसा, चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

आगरा शहर के किनारी बाजार में गुरुवार को चांदी गलाने के कारखाने में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट से लगी आग में झुलकर दो लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सोनम कुमार ने यहां बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के किनारी बाजार में अपराह्न करीब दो बजे चांदी गलाने के कारखाने में रखे गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया और इससे कारखाने में आग लग गई जिसमें झुलसने से कारखाना मालिक सुनील पाटिल (50) और एक श्रमिक आदित्य (19) की मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि इस घटना में चंद्र प्रकाश, अवदूत, राहुल और शैलेन्द्र नामक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं और सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम और अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उनके मुताबिक, करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# साइबर ठगों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 15 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- पीजीआई पुलिस, साइबर क्राइम सेल व साइबर क्राइम थाने की संयुक्तटीम ने किया खुलासा
- 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड बरामद

**अमृत विचारः** साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात को अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। इस गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह श्रीलंका, सिंगापुर, दुबई से भारत में संचालित हो रहा था।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक पुलिस को बुधवार शाम को सूचना मिली कि पीजीआई इलाके में शामिया मेल रोड स्थित एक अपार्टमेंट के पेंटा हाउस में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। इस पेंटा हाउस में दर्जन भर से अधिक युवकों की आवाजाही है। जानकारी मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने पेंटा हाउस में दबिश दी। मौके से 15 युवक पकड़े गये। उनके पास से 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड और फर्जी दस्तावेज बरामद हुए।

### ये आरोपी पकड़े गये

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में लखीमपुर के पलिया स्थित सैय्यदपुर का हरिप्रीत सिंह, बिहार के सिवान स्थित मैरवा का अभिषेक कुमार राजभर, आशीष कुमार, सिवान के हुसैनगंज का मन्नू कुमार, रितेश सिंह, इफ्तेखार अली, शुभम सोनी, सोनू अली, छपरा स्थित सहाजिदपुर का रवि सिंह, करन कुमार, विकास कुमार, रितेश सिंह, संजीव कुमार और मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित खजुरी नाका का मनीष कुमार और देवरिया के खामपार का संदीप कुमार शामिल है।

### विदेश में बैठे मास्टर माइंड को भेजते थे ठगी के रुपये

डीसीपी के मुताबिक गिरोह अन्ना रेड्डी नामक फर्जी मोबाइल ऐप और वेबसाइट के जरिये निवेश, ऑनलाइन गेमिंग और नौकरी का झांसा देकर लोगों से पैसे मंगवाता था। टास्क पूरा करने पर मोटा रिटर्न देने का वादा किया जाता था, लेकिन पैसे मिलते ही खाता ब्लॉक कर दिया जाता था। ठग फर्जी सिम कार्ड और बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे ताकि ट्रांजैक्शन ट्रेस न हो। रकम तुरंत निकालकर डिवाइस और लोकेशन बदल दी जाती थी। डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला है।

## अदालत ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को बरी किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को गुरुवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था।



- पुलिस के खिलाफ टिप्पणी मामला

सांसद -विधायक अदालत ने फैसले में कहा कि आरोपी को आईपीसी के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया था। अदालत ने 22 मई को कहा था कि मामले में 12 जून को फैसला सुनाया जाएगा।

## आरसीबी के विपणन प्रमुख सहित 4 होंगे रिहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को गुरुवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने गिरफ्तार किए गए लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

- बेंगलुरु भगदड़ मामले में कोर्ट ने दिए निर्देश

# यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्रालय ने कहा कि एमडीआर लेने के दावे पूरी तरह निराधार एवं भ्रामक

वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिए लेनदेन पर कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### चारबाग रेलवे स्टेशन का हाल



गुरुवार को राजधानी का तापमान 44 डिग्री सेलसियस तक पहुंच गया, जो अब तक का लखनऊ का सबसे गर्म दिन रहा। गर्मी व चिलचिलाती धूप से बचने के लिए राजधानीवासी तरह-तरह के उपाय करते दिखे, कुछ ऐसा ही हाल चारबाग रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिला, जहां पानी के लिए लोगों की लम्बी कतार देखने को मिली। ● अमृत विचार

## मोहन भागवत मथुरा में कार्यकर्ता विकास शिविर में होंगे शामिल

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंचेंगे, जहां वह कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे । आरएसएस द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भागवत फराह के परखम में दीन दयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में जारी 20 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम शिविर में भाग लेंगे। यह शिविर प्रवासी आरएसएस कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर केंद्रित है।

# सोनम को भी मृतक साबित करने का था प्लान

शिलांग, एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

- राजा के हत्यारों ने बनाई थी योजना, पूछताछ में किया खुलासा
- सोनम का प्रेमी राज कुशवाह ही था हत्याकांड का मास्टर माइंड

राजा रघुवंशी के हत्यारों की योजना किसी महिला की हत्या कर उसके शव को जलाने की थी, ताकि उसे राजा की पत्नी सोनम का शव बताया जा सके और सोनम सच्चाई सामने आने तक कुछ और दिनों तक छिपी रहे। मेघालय पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेघालय पुलिस को यह भी पता चला कि सोनम का कथित प्रेमी राज कुशवाह हत्या की साजिश का मास्टरमाइंड था और वह सह-साजिशकर्ता थी।

सोनम से पूछताछ के पहले दिन उसके कथित प्रेमी राज और तीन अन्य ने यह भी खुलासा किया कि वह (सोनम) बुर्का पहनकर मेघालय से भागी थी और टैक्सी, बस और ट्रेन जैसे विभिन्न परिवहन साधनों का उपयोग करके मध्यप्रदेश के इंदौर पहुंची थी। पूर्वी खासी हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि राजा की हत्या की साजिश 11 मई को सोनम के साथ उसकी शादी से ठीक पहले इंदौर में रची गई थी तथा इसका मास्टरमाइंड राज कुशवाह है, जबकि सोनम ने इस साजिश के लिए सहमति जताई थी। सायम ने कहा कि तीनों युवक दोस्त थे और उनमें से एक राज का चचेरा भाई है। यह हत्या की सुपारी देने का कोई मामला नहीं है। हां, योजना हत्या की थी और उन्होंने अपने दोस्त राज की मदद करने के लिए ऐसा किया। उन्होंने बताया कि वारदात की योजना फरवरी में इंदौर में शुरू हुई थी।

### सोनम को बचाने के लिए बनाया था दो प्लान

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की एक योजना यह थी कि लोगों को विश्वास दिलाया जाए कि वह झरने में बह गई होगी। दूसरी योजना यह थी कि किसी अनजान महिला की हत्या कर दी जाए, उसके शव को दोपहिया वाहन पर लाद दिया जाए, शव को जला दिया जाए और दावा किया जाए कि यह सोनम का शव है।

## 15 को लखनऊ आएंगे शाह

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 15 जून को पुलिस नियुक्ति समारोह में भाग लेने के लिए लखनऊ आएंगे। मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने कहा कि शाह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे जिसमें 60,244 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''नए नियुक्त किए गए पुलिसकर्मियों में से 12,000 से अधिक महिलाओं को एक ही बैच में पुलिस बल में भर्ती किया गया है- जो 1947 से 2017 के बीच केवल 10,000 की भर्ती की तुलना में एक रिकॉर्ड है।

# लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ानें रहीं प्रभावित

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान हादसे का शिकार होने के बाद इसका असर अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अहमदाबाद आने-जाने वाली उड़ानों पर पड़ा। उड़ानों के लेट होने के चलते हवाई यात्रियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा। तीन फ्लाइट पर खासतौर पर असर देखने को मिला है।

गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभ भाई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट के टेकऑफ के दौरान यह हादसा हुआ। इससे विमान में सवार बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट को बंद कर दिया। इस विमान हादसे का असर लखनऊ से अहमदाबाद के बीच संचालित होने वाली हवाई सेवाओं पर भी पड़ा। चौधरी चरण सिंह अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शाम को 19:20 बजे आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-935) अपने निर्धारित समय से 02 घंटा 10 मिनट की देरी से पहुंची। जबकि यहां से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-6968) अपने निर्धारित समय 20:05 बजे के बजाए 22:00 बजे उड़ान भरने की संभावना व्यक्त की गई। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट अब बहाल कर दी गई हैं। एक सुबह जाती है जो हादसे से पहले जा चुकी थी।

### कनेक्टिंग फ्लाइटों के यात्री भी रहे परेशान

अहमदाबाद से लखनऊ आने-जाने वाली कनेक्टिंग उड़ानों के पैसेंजर भी परेशान हुए। यात्रियों ने टिकट कैंसिल करवाए। कनेक्टिंग उड़ानों से रवाना होने वाले यात्रियों का सफर भी पूरा नहीं हो पाया। इंडिगो की (6ई-7439) अमौसी से शाम 07:40 बजे रवाना होती है। यह फ्लाइट इंदौर के रास्ते अहमदावाद रात सवा 11:00 बजे पहुंचती है।

# प्रदेशभर में जारी रहा बिजली संकट

## बिजली की मांग और बढ़ी, अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कहर के बीच प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ गई है। अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज की गई। बिजली की मांग के शीघ्र 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार बन गए हैं। इस बीच, स्थानीय खराबी के कारण राजधानी समेत प्रदेश भर में बिजली संकट जारी रहा। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये कड़े निर्देश दिये।

शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि

- हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष

अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और बिजली बाधित होने की जानकारी संचार माध्यमों से साझा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक फोन जरूर 'रिसीव' करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाये। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किये जाएं। उपभोक्ता सेवा 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी और लू के इस मौसम में सामान्य 'शटडाउन' न लिए जाएं। बिजली कटौती न की जाए। कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने, तार गिरने व ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पारेषण व वितरण के अधिकारी परस्पर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, जिससे पारेषण के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये।

### कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मॉनसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन इससे पहले इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले 2-3 दिन काफी कठिन हो सकते हैं। यहां तेज गर्मी और लू चलने की पूरी संभावना है। तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उप्र. में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी यूपी के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग का यह भी कहना है कि फिलहाल मॉनसून बंगाल और महाराष्ट्र में है, लेकिन 15 जून तक उत्तर प्रदेश में भी दस्तक देगा, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिन जिलों में लू की चेतावनी दी है, उनमें जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, औरैया, झांसी, मथुरा, ललितपुर और अलीगढ़ जिले शामिल हैं।

## एक नजर

### अंबेडकरनगर में आज लाभार्थी किसानों को चेक देंगे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अब तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 11690 लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इन्हें योगी सरकार द्वारा 5 अरब, 61 करोड़, 86 लाख, 28 हजार 200 रुपये की सहायता देगी। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान किया जाएगा।

### बाल श्रम उन्मूलन को लेकर यूपी सरकार की सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री अनिल राजभर ने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस अभिनव मॉडल का अनुसरण करने का आग्रह किया। राजभर ने कहा कि योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में 2 से 19 जून तक 'बाल श्रम निषेध सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का समापन 19 जून को लखनऊ में होगा।

### नई दुनिया: नई तकनीक पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में प्रदेश सचिवालय के विशेष सचिव डॉ. दीपक कोहली द्वारा लिखित पुस्तक 'नई दुनिया: नई तकनीक' का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक डॉ. कोहली ने बताया कि इस पुस्तक में आधुनिक तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं जैसे बायोरॉक, डिजिटल ट्विन, नवप्रवर्तनकारी तकनीक, आधुनिक कृषि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि की सरल और सहज भाषा में विस्तृत जानकारी दी गई है। तथ्यात्मक, सटीक और उपयोगी जानकारियों से युक्त यह पुस्तक तकनीक के बदलते स्वरूपों को समझने में सहायक है और विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, अध्यापकों के साथ-साथ आम जन मानस के लिए भी अत्यन्त उपयोगी है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 से, पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृव विचार, लखनऊ:** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

## दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने का बढ़ेगा दायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की योजना बनाई है। भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण (एडिप) योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण को आने वाले समय में और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित करने के बाद, सरकार अब इस पहल को विस्तार देने की तैयारी में है। मांग और पात्रता के आधार पर सभी पात्र दिव्यांगजनों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची को और सटीक बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और डुप्लीकेसी की संभावना खत्म होगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए 2 करोड़ रुपये और सहायक उपकरणों के लिए 37.40 करोड़ रुपये के बजट का उपयोग प्रभावी ढंग से करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

# श्रीलंका में बैठे मास्टरमाइंड के इशारे पर चल रहा था गिरोह



लखनऊ के पीजीआई थाने में पकड़े गये साइबर जालसाज। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 25 करोड़ से ज्यादा ठगे, पूरे देश में दो सौ से अधिक शिकायतें, चेक बाउंस की 59 शिकायतें

**अमृत विचार :** पीजीआई स्थित वृंदावन कॉलोनी के एक अपार्टमेंट में संचालित होने वाले साइबर ठगों के गिरोह का पर्दाफाश बुधवार देर रात हुआ। यह गिरोह अन्ना रेड्डी गेमिंग एप, शेयर ट्रेडिंग व ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से सैकड़ों लोगों से 25 करोड़ से ज्यादे की ठगी कर चुका है। गिरोह के खिलाफ पूरे देश में 200 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं। इसके अलावा चेक बाउंस की 59 शिकायतें भी दर्ज कराई गई है। आरोपियों ने बताया कि पीड़ितों से रुपयों ठगने के बाद खातों को ब्लॉक कर देते थे। पुलिस की टीम सरगना समेत अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है।

डीसीपी अपराध कमेश दीक्षित के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि गिरोह का सरगना गन्नी उर्फ विशाल यादव और प्रिंस है, जिन्होंने सोशल मीडिया के जरिए साइबर ठगी का तरीका सिखाया था। पुलिस ने जिन खातों की जानकारी पाई, उन्हें फ्रीज करवा दिया। आरोपियों ने कुबूल किया कि नए लैपटॉप और मोबाइल का प्रयोग कर शिकायत मिलने पर उन्हें बदल देते थे। साथ ही अपना ठिकाना भी बदलते रहते थे। हाल ही में आइपीएल मैच के दौरान गन्नी ने अपने साथियों को ऑनलाइन सट्टा खिलवाने के नाम पर ठगी करना सिखाया था। जिससे उन्होंने कई लोगों को अपना शिकार बनाया।

**देशभर में 200 से ज्यादा रिपोर्ट दर्ज :** पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के खिलाफ 200 से ज्यादा शिकायतें देश में हैं। जिसमें 157 शिकायतें लिखित हैं। वहीं 69 शिकायत चेक बुक से संबंधित है। ऐसे में दो टीमों को लगाया गया है कि इसकी जानकारी करें कि किससे कितनी की ठगी की गई है। ताकि अनुमानित धनराशि के बारे में पता लगाया जा सके। जांच में सामने आया कि जिस पेंटा हाउस को किराए पर लिया था। उसका मालिक चार्टेड अकाउंटेंट है। दो माह पहले 50 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से किराए पर पेंटा हाउस लिया था। फ्लैट में हर एक सामान लग्जरी था। पूछताछ में बताया कि ठगी की गई रकम से ही खरीददारी करते हैं। साइबर क्राइम सेल के इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों की ट्रैवेल हिस्ट्री से गिरोह के सरगना के बारे में जानकारी मिली है। सरगना गन्नी विदेशों में भी कॉल सेंटर संचालित करता है। उसकी तलाश में तीन टीमें लगी हैं।

**सलाह**

- किसी अज्ञात लिंक/एप पर क्लिक न करें।
- अन्ना रेड्डी जैसे फर्जी प्लेटफार्म से सावधान रहें।
- साइबर ठगी की शिकायत हेल्पलाइन 1930 या (cybercrime.gov.in) पर करें।

**ठगी का तरीका**

साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक जालसाजों के बारे में जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि वह अन्ना रेड्डी एप/लिंक के जरिए लोगों को ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर पैसे ठगते हैं। पीड़ितों के पैसे कई फर्जी खातों में मल्टी-लेयर ट्रांजैक्शन किये हैं। सट्टेबाजी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, पुलिस की नजरों से बचने के लिए ठिकाने और उपकरण बदले जाते थे।

# कानपुर-मथुरा में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जिला व मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के निर्देश दिए है। कहा कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

- मुख्यमंत्री ने की मथुरा-वृंदावन और कानपुर की 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा

मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मथुरा और कानपुर नगरों का यह समग्र विकास 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

## कुशीनगर में सपा की सभी इकाइयां भंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर कुशीनगर के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सपा जिला कार्यकारिणी, विधानसभा अध्यक्षों व समस्त फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्षों सहित जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने पोस्ट कर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा सपा कुशीनगर के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सपा जिला कार्यकारिणी, विधान सभा अध्यक्षों सहित विधान सभा कार्यकारिणी तथा अन्य फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्षों सहित कुशीनगर में जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया हैं।

## दाखिला न लेने पर धरोहर राशि होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्थित मेडिकल कॉलेजों एवं डेंटल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में दाखिले के लिए कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नीट पीजी 2025 परीक्षा देनी होगी। प्रथम काउंसिलिंग में आवंटित सीट पर दाखिला न लेने पर कोई नुकसान नहीं पड़ेगा, मगर दूसरी व तीसरी काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने की सूरत में अभ्यर्थी द्वारा जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। आरक्षण के नियमानुसार निर्धारित सीटों पर एमडी, एमएस, डिप्लोमा, डीएनबी और एमडीएस में दाखिले मिलेंगे।

- मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में पीजी में दाखिले के लिए दिशा-निर्देश जारी

चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दाखिलों को लेकर शासनादेश किया है। शासनादेश के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थी ही नीट पीजी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, नीट पीजी परीक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट सूची बनेंगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग के बुलाया जाएगा और रिक्त सीटों के सापेक्ष उन्हें सीट आवंटित की जाएगी। साथ ही एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी की काउंसिलिंग में प्रतिभाग वहीं अभ्यर्थी करेंगे जिनकी इंटर्नशिप 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो चुकी होगी।

उक्त काउंसिलिंग में केवल राजकीय कोटे की सीटें ही शामिल की जाएंगी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, एम्स रायबरेली एवं एम्स गोरखुपर से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों से एमबीबीएस, बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।

शासनादेश के अनुसार, पीजी की कुल सीटों में 21 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए, दो प्रतिशत अनुसूचित जन जाति, 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग और 10 प्रतिशत सीटें ईडब्लूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगी।

# निजीकरण पर नियामक आयोग की संस्तुति लेने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया को लेकर 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की संस्तुति लेने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि आयोग को संस्तुति देने का अधिकार नहीं है।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि संस्तुति को लेकर आयोग व कॉरपोरेशन के अधिकारियों से बातचीत की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम के तहत नियामक आयोग को कॉरपोरेशन के कहने पर निजीकरण के किसी दस्तावेज पर अभिमत नहीं देना चाहिए।

- संघर्ष समिति ने कहा, आयोग को संस्तुति देने का अधिकार नहीं

संघर्ष समिति ने कहा है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन झूठे आंकड़े देकर व कर्मचारियों की सेवा शर्तों के बारे में उन्हें गुमराह कर निजीकरण की जिद पर अड़ा है। इससे इस भीषण गर्मी में ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना हुआ है। बिजली कर्मचारी नहीं चाहते कि इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ हो। पावर कॉरपोरेशन को निजीकरण की जिद छोड़ देनी चाहिए, जिससे बिजली कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ उपभोक्ताओं को बिजली देने के कार्य में जुटे रहे। इस बीच, संघर्ष समिति के आह्वान पर 197 वें दिन प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया गया।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा लोकमोर्चा

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- नौ दलों का गठबंधन मिलकर करेगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि समान विचारधारा वाले नौ दलों का गठबंधन लोकमोर्चा 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। हर वर्ग के लोग त्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जाना जरूरी है। मौर्य गुरुवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान सहयोगी दलों के प्रमुखों के साथ अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

उन्होंने कहा कि नौ दलों के प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री घोषित किया है, वह सभी दलों को साथ में लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी दल स्वतंत्र तौर पर अपने आयोजन करेंगे, इस बीच लोकमोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने मोर्चा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हिस्सेदारी आधारित 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' के तहत कार्य करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजामणि सुव्वैया राय, जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्दार्थ, सर्वलोकहित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ड्रीम लैब्स बनेंगी स्कूली शिक्षा की नई पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उप्र. शिक्षा और उद्योग के संगम से युवाओं में बदलाव आ रहा है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक ड्रीम लैब्स की स्थापना के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने टाटा नेल्को और यास्कावा के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे न केवल स्कूली शिक्षा व्यवहारिक और तकनीकी रूप से समृद्ध होगी, बल्कि विदेशों की भांति राज्य तकनीकी कौशल से समृद्ध होगा। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की सफलता ने शिल्प और स्थानीय उद्योगों को बुलंदियों पर पहुंचाया है। अब इसी नींव पर निर्मित ड्रीम लैब्स उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण जैसे रोबोटिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमेशन, डिज़ाइन थिंकिंग आदि क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करेंगी। इससे न केवल स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को तकनीकी संबल मिलेगा, बल्कि उत्पाद गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी मजबूती आएगी। ड्रीम लैब्स हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित हैं, जहां विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण, उद्योग प्रासंगिक विशेषज्ञता और रोजगार के अवसरों के लिए तैयार किया जाएगा। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल सिखाने की व्यवस्था की गई है। ड्रीम लैब्स का अंतरराष्ट्रीय खंड विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक व्हीकल, एआई, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, रोबोटिक्स आदि में दक्ष बनाएगा। ड्रीम लैब्स कुल 15 विशेष कौशल डोमेन्स को कवर करेंगी। यह केवल एक शैक्षिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि योगी सरकार का परिवर्तनकारी मिशन है।

### मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिलना गर्व की बात : वत्सल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने कहा कि यह क्षण हमारे लिए गर्व का विषय। वत्सल ने आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से यूपी में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में जो सुधार हुआ है। चाहें बात करिकुलम की हो या फिर को-करिकुलर एक्टिविटीज की, अभूतपूर्व सुधार हुआ है और इसके लिए निश्चित तौर पर सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। उन्हें 75 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। हर्ष जताते हुए कहा कि मैं मेरठ में ट्रेनिंग करती हूं। एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी सीएम योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।

### लाखों किसानों को बताई गई खेती की नई तकनीक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का गुरुवार को समापन हो गया। प्रदेश के सभी जिलों में 29 मई से शुरू हुए अभियान में 20.19 लाख से अधिक किसानों को खेती की नई तकनीक की जानकारी दी गई। शासन के अधिकारियों के अनुसार 10,125 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि व सहवर्ती विभाग के अधिकारियों ने लगभग 20,19,785 से अधिक प्रगतिशील व जागरूक किसानों से संवाद किया। अभियान के अंतिम दिन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बाराबंकी के ग्राम भवनियापुर खेवली विकास खंड बन्नीकोडर तहसील रामसनेहीघाट में किसानों से संवाद कर उन्हें नवीन कृषि तकनीकों, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना, आई.पी.एम. पद्धति, मल्चिंग व पॉलीहाउस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर राज्य सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है।

# जनता की संतुष्टि बनेगी डीएम की कार्यशैली का प्रमाण

## सभी जिलाधिकारियों के कार्यों की हो रही नियमित मॉनिटरिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनता की संतुष्टि ही अब यूपी के जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाणपत्र होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों के डीएम के प्रशासनिक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का जमीनी मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ऐसे में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप टेन में आने को लेकर सभी जिलों के डीएम के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

दरअसल, रैंकिंग के लिए कुल 10 नंबर निर्धारित है। कुल निर्धारित अंकों में से अधिकतम अंक पाने के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हाल ही में राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की है। इसमें यूपी के टॉप 10 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की गई, जो जनसेवा में समर्पण के लिए टॉप पर रहे हैं। इसमें महराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा टॉप पर रहे हैं। वहीं, इस सूची में आईएएस राजेश कुमार पांडेय, आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल समेत कई नाम शामिल हैं। बता दें कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व सुधार और समग्र विकास कार्यों के आधार पर तैयार की गई है।

- योजनाओं का किया जा रहा जमीनी मूल्यांकन

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जगह बनाने को बढ़ी प्रतिस्पर्धा

जिलाधिकारियों में प्रतिस्पर्धा का आलम समझना हो तो उदाहरण के तौर पर लखीमपुर जिले को लिया जा सकता है। बीते दिनों सीएम डैशबोर्ड में लखीमपुर के पिछड़ने के पीछे चार विभागों के अफसरों की लापरवाही सामने आई थी। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लापरवाही की वजह से जनपद की रैंक गिर गई थी। राजस्व वसूली में भी जिला काफी पिछड़ गया था। डीएम को संबंधित अफसरों को चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ताजा रैंकिंग में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर लखीमपुर का कार्य सराहनीय रहा और इस बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर ही लिया। वहीं, बरेली डीएम अविनाश सिंह ने भी शहरी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी रहते हुए टॉप टेन में जगह बनायी। इसी तरह श्रावस्ती, कुशीनगर, ललितपुर, हरदोई और मुजफ्फरनगर जैसे कुछ अन्य जिले भी इस बार अलग-अलग मोर्चों पर सफल होकर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब रहे।

# सिंचाई विभाग के 641 अभियंताओं का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग (सिविल) के 641 अभियंताओं का स्थानांतरण कर दिया गया। गुरुवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन (सभागार) में अभियंताओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया सम्पन्न की गई।

अभियंताओं के स्थानांतरण के लिए उनके ऐच्छिक विकल्प लिये गए। इस अवसर पर 65 अधिशासी अभियंताओं, 278 सहायक अभियंताओं व 298 अवर अभियन्ताओं के स्थानान्तरण के लिए उनके ऐच्छिक विकल्प लिए गए। अभियंताओं द्वारा चुने गए ऐच्छिक विकल्प के आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शासन के विकास लक्ष्य से जुड़ी एक निर्णायक कड़ी है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि सही व्यक्ति सही स्थान पर तैनात हो और वहां अपनी संपूर्ण क्षमता से योगदान दे। उन्होंने कहा कि सरकार कार्य संस्कृति को बदलने में विश्वास रखती है। अब कोई भी निर्णय एकतरफा नहीं होगा। पारदर्शी प्रणाली से ही लक्ष्य प्राप्त होते हैं।



जानलेवा गर्मी

क्वीन मेरी अस्पताल के गेट पर बच्चे को गोद में लेकर चिलचिलाती गर्मी में बैठी महिला।



तेज धूप व गर्मी से राहत पाने के लिए मेडिकल कॉलेज की नर्स छाता लगाकर और हाथ में बैटरी वाले पंखे से मुंह पर हवा करती हुईं। अमृत विचार



चिलचिलाती गर्मी में नहाने से बढ़िया क्या हो सकता है खासकर बालपन में। लक्ष्मण मेला स्थल स्थित गोमती नदी में नहाते बच्चे। अमृत विचार



गर्मी से परेशान होकर चारबाग रेलवे स्टेशन पर पानी से मुंह धुलकर गर्मी से निजात पाने का प्रयास करता बुजुर्ग। अमृत विचार

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

उमस रहेगी, हल्की बारिश हो सकती है।

| 44.0° | 31.2° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज

- बीकेटी की ग्राम पंचायत मंडौली के पंचायत घर में योजनाओं के कैंप सुबह 10 : 00 बजे।
- ऐपवा का राष्ट्रव्यापी अभियान को लेकर चर्चा का आयोजन लालकुआं राज्य कार्यालय में दोपहर 1 :00 बजे।
- डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में स्वास्थ्य जागरुकता को लेकर बॉडी मॉस कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 : 00 बजे।
- अनंत अनुनाद साहित्यिक मंच की ओर से सुनील कुमार वाजपेयी की चार कृतियों मैं शाश्वत सत्य सनातन हूं, शाश्वत भाव प्रवाह, बीते तीन प्रहर और जो उमड़ा सो बरसा का विमोचन, यूपी प्रेस क्लब में सायं 5 :00 बजे।

# प्रॉपर्टी डीलर ने बेचे प्लॉट, एलडीए ने बताया अवैध

## मौदा में डेवलपर ने बिना लेआउट बेचे प्लॉट, लोगों ने निर्माण शुरू किया तो एलडीए ने भेजा ध्वस्तीकरण का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इसे लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की अनदेखी कहें या डेवलपरों को संरक्षण। जिनकी वजह से जोन-3 के अंतर्गत काकोरी के ग्राम मौदा में कई एकड़ अवैध प्लाटिंग पर सोसाइटी विकसित हो गई। डेवलपर ने झूठे सपने दिखाकर करीब 70 प्लाट बेच दिए। लोगों ने उन प्लाटों पर सपनों का आशियाना बनाना शुरू किया तो एलडीए को अवैध निर्माण की याद आई। भूखंड स्वामियों को बिना लेआउट पास अवैध प्लाटिंग बताकर ध्वस्तीकरण नोटिस जारी कर दिए। जबकि समय रहते कार्रवाई करते तो लोगों की जमा-पूंजी न फंसती।

गुरुवार को यह मामला एलडीए में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की जनसुनवाई में आया। पीड़ित खालिद अब्बास, संजय, शाहिद, राकेश वर्मा, शकीर आदि ने बताया कि वर्ष 2005 में ग्राम मौदा में एक डेवलपर ने प्लाटिंग करके सोसाइटी विकसित की। सब कुछ ठीक बताकर करीब 70 प्लाट हम लोगों को बेच दिए। तब तक किसी तरह की कार्रवाई या नोटिस नहीं आया। जब मकान निर्माण शुरू किया तो एलडीए ने प्लाटिंग का लेआउट स्वीकृत न होना बताकर काम रुकवा दिया और ध्वस्तीकरण नोटिस दे दिए। इससे लाखों रुपये फंस गए। किसी ने बैंक से लोन लिया तो किसी ने उधार लिया तो कोई किराये पर रह रहा है।

बाराबंकी के राकेश ने बताया कि वह लोग कम्पाउंडिंग कराकर शुल्क देने को भी तैयार हैं। काफी समय से चक्कर लगा रहे हैं।

### चयन के बाद भी नहीं मिला शहरी आवास

जनसुनवाई में आईं रेनू त्रिपाठी व राज कुमारी ने बताया कि 2023 में **केस 1** बसंतकुंज योजना में निर्मित शहरी आवास में उनका चयन हुआ था। दोनों ने शर्तों के मुताबिक पहले चरण के रुपये भी जमा कर दिए। लेकिन, आवास अब तक नहीं मिला है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। किसी तरह परिवार के साथ किराये के मकान में गुजर बसर कर रहे हैं।



जनसुनवाई में 272 भूखंड मामले की जानकारी देते आवंटी।



बसंतकुंज में आवास न मिलने की शिकायत करने आईं रेनू त्रिपाठी व राज कुमारी। अमृत विचार

### घोषणा के मुताबिक किसानों को नहीं मिले चबूतरे

मोनू यादव ने बताया कि सीतापुर रोड योजना के लिए उनकी 2016 में ग्राम **केस 2** सिकंदरपुर में जमीन अधिग्रहित की गई। मुआवजा तो मिल गया लेकिन घोषणा के मुताबिक भरण-पोषण के लिए चबूतरे नहीं मिले। सैकड़ों ऐसे किसान चक्कर लगा रहे हैं। बिना चबूतरा के कारोबार नहीं कर पा रहे हैं।

### 2014 से लखनऊ विकास प्राधिकरण के लगा रहे चक्कर

ग्राम मलेसेमऊ के शहीर ने बताया कि एलडीए ने उनकी 2001 में जमीन **केस 3** अमर शहीद पथ में अधिग्रहित की। 2014 में चबूतरा के लिए पंजीयन कराया। 1100 रुपये डिमांड ड्राफ्ट जमा किया। तब से चबूतरा नहीं मिला है। ऐसे सैकड़ों किसान हैं जो 10 साल से चक्कर लगा रहे हैं।

### अर्जन में शामिल की जमीन तो क्यों नहीं दे रहे एनओसी

ग्राम अल्लूनगर के अभिनव यादव ने बताया कि एलडीए ने प्रबंध नगर योजना में सड़क, **केस 4** भूखंड आदि निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहित की थी। इसके अलावा एक बीघा जमीन और अर्जन में शामिल बता दी। इसकी एनओसी मांगी तो डेढ़ साल से चक्कर लगवा रहे हैं। जबकि पीडब्ल्यूडी और तहसीलदार की रिपोर्ट में जमीन अर्जन में नहीं है।

### बिना मुआवजा दिया भूखंड, घर के सामने धरना

मो. सलीम ने बताया कि एलडीए ने नवी उल्ला रोड पर पिता रहीश की जमीन सरकारी **केस 5** कार्यालय निर्माण के लिए अधिग्रहित की थी। जमीन के बदले में सीतापुर रोड योजना में 1762 वर्गमीटर का भूखंड दिया। 2017 में रजिस्ट्री कराकर भवन निर्माण किया। लेकिन, उस भूखंड का किसान को मुआवजा नहीं मिला, जो उनके सामने धरना देकर मुआवजा मांग रहा है।

जनसुनवाई में ठंडा पड़ा बसंतकुंज योजना के सेक्टर-ए में आवंटित 272 भूखंडों का मुद्दा उठा। आवंटी अमर नाथ, सतेंद्र आदि ने पूर्व में आवंटित भूखंडों पर कब्जा व रजिस्ट्री कराने की गुहार लगाई। पूर्व में यह भूखंड एलडीए ने आवंटित किए थे लेकिन, जमीन पर किसानों से विवाद के कारण कब्जा नहीं ले पाए थे।

मंडलायुक्त ने फोर्स की उपलब्धता कराकर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्राप्त 36 शिकायतों में से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## प्रॉपर्टी डीलरों से कब्जामुक्त कराई सरकारी जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडलायुक्त के निर्देश पर नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। जिसमें ग्राम यूसुफनगर बगियामऊ, अमौसी, सरोजनीनगर और बेहसा गांव में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कब्जा करके की गई प्लॉटिंग के निर्माण ध्वस्त किए। खाली कराई जमीन को सुरक्षित करने के लिए पिलर और तारबंदी कराई गई। इस मौके पर नगर निगम के नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, राजस्व निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी, लेखपाल और थाना सरोजनीनगर, सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस बल तथा नगर निगम का प्रवर्तन दल उपस्थित रहा। बता दें कि मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने ग्राम बेहसा और कल्ली पश्चिम में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा सरकारी जमीन पर किये जा रहे कब्जे की सूचना मिलने पर सोमवार को निरीक्षण किया था। अवैध कब्जे रोकने में लापरवाही बरतने पर सरोजनीनगर एसडीएम सचिन वर्मा और नगर निगम के तहसीलदार अरविंद पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी करने और शासन से निलंबित करने के लिए पत्र भेजने के निर्देश दिए थे।

### कल्ली पश्चिम में खाली कराई 3.20 करोड़ की सरकारी जमीन




नगर निगम ने गुरुवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम कल्ली पश्चिम में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह द्वारा गठित टीम ने 3.20 करोड़ मूल्य की कुल 0.151 हेक्टेयर सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। गाटा संख्या-1820 (0.126 हेक्टेयर, खाद का गड्ढा) और 1792 ख (0.025 हेक्टेयर, नवीन परती) में दर्ज भूमि पर पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके निर्माण किया जा रहा था। नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त करके अपना बोर्ड लगा दिया।

# शर्मा चाय के बन मक्खन में निकला कॉकरोच

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, एफएसडीए टीम पहुंची
- बन सप्लाई करने वाली न्यू आशियाना बेकरी से लिए दो सैम्पल

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्रसिद्ध शर्मा चाय के बन मक्खन में कॉकरोच निकलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) टीम गुरुवार को प्रतिष्ठान का निरीक्षण करने पहुंची।

सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह के निर्देश पर गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को शर्मा चाय के संचालक ने बताया कि वह अपने यहां जो बन प्रयुक्त करते हैं वह बरौली खंदक स्थित सिद्दीकी आजम की बेकरी न्यू आशियाना बेकर्स से मंगाया है। जिस पर टीम ने न्यू आशियाना बेकर्स पर छापेमारी करके प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया।

जिसमें खाद्य पदार्थ बन तथा वनस्पति का नमूना संग्रहीत कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया। प्रतिष्ठान में साफ-सफाई को लेकर मिली कमियों पर संचालक को सुधार के लिए नोटिस जारी की गई है। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि नमूने की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



बेकरी से नमूने लेती एफएसडीए टीम। अमृत विचार

# 15 तक नहीं साफ हो पाएंगे नाले, बारिश में फिर डूबेगा शहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तय समय सीमा 15 जून नजदीक, सिल्ट, कूड़े से पटे नाले व नालियां
- नगर आयुक्त बोले अब बारिश तक होगी नाले-नालियों की सफाई

**अमृत विचार :** नाला सफाई अभियान की अवधि 15 जून नजदीक है। लेकिन शहर के प्रमुख नालों और नालियों का हाल देख ऐसा लगता नहीं कि इनकी तल तक सफाई हो पाई है। नाले नालियां सिल्ट से पटे हैं। ऐसे में बारिश के दौरान फिर से जलभराव का जबरदस्त नजारा देखने को मिल सकता है।

जलभराव के लिए ''कुख्यात'' रामनगर सरीखी तमाम ऐसी कॉलोनियां हैं जहां न नाला साफ हो पाया है और न ही अतिक्रमण हट पाया है। रस्तोगी कॉलेज से लेकर मूकबधिर कालेज और रामनगर तालाब तक पर अवैध कब्जे हैं। फुटपाथ ही नहीं नालियों तक पर कब्जेदार हैं। ऐशबाग में नाला गंदगी से चोक है। नगर आयुक्त गौरव कुमार का कहना है कि बारिश होने तक नगर निगम नाले और नालियों की सफाई करता रहेगा। साथ ही अतिक्रमण भी हटेगा।



ऐशबाग क्षेत्र में कूड़े से पटा नाला।

### ऐशबाग में नाले पर कब्जा कर खोल दी दुकान

ऐशबाग क्षेत्र में नाले और नालियों पर अतिक्रमण है। पीली कॉलोनी के पास नाले पर अवैध कब्जा करके दुकान संचालित की जा रही है। रस्तोगी इंटर कॉलेज और मूक बधिर कॉलेज के पास फुटपाथ और नाले पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। इससे नाले की सफाई तक नहीं हो पाती है। बारिश में जलनिकासी न हो पाने से यहां घरों तक नाले का गंदा पानी घुस जाता है। नगर निगम जोन के अधिकारी अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की नोटिस भी जारी कर चुके हैं। लेकिन अवैध निर्माण तोड़ने से पीछे हट जाते हैं।

### नालियों की सफाई चाहिए तो अलग से दें कर्मचारी

शहर में एक मीटर से कम चौड़ी नालियों की सफाई नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से लगे सफाईकर्मियों से कराता है। कार्यदायी संस्थाएं नालियों की सफाई के लिए अलग से कर्मचारी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जोन 2, 5 और 8 में नालियों की सफाई में लॉयन इनवायरो कंपनी जमकर मनमानी कर रही है। शेष पांच जोन में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा नालियों की सफाई बहुत धीमी गति से चल रही है। पार्षद नगर आयुक्त से वार्ड में अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग कर रहे हैं। कह रहे कि कार्यदायी संस्थाओं के सफाईकर्मी नालियां साफ करेंगे तो झाड़ू कब लगाएंगे।

## एक नजर

### गुरुवार रहा सीजन का सबसे गर्म दिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में गुरुवार को सीजन का सबसे अधिक 44 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 31.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक रहा। सुबह से ही तेज धूप निकली है। दोपहर तक तापमान अपने अधिकतम स्तर पर दर्ज किया गया। चलते हीट वेव की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग का कहना है कि 14 जून से लखनऊ में बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बारिश हो सकती है।

**प्राणि उद्यान** वन्य जीवों की सेहत की डोज में सप्लीमेंट, विटामिन, आयरन की गोलियां, स्प्रिंकलर की फुहार से मस्त हुए वन्य जीव

# 'सुषमा' की खुराक हुई कम 'जय' का भी खाने पर ध्यान नहीं


नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार:** जून में पड़ रही भीषण गर्मी से इंसान तो क्या नवाब वाजिद अली शाह प्राणि के पशु पक्षी भी बेहाल है। इसके चलते जहां भालू (सुषमा) की खुराक कम हो गई है, वहीं शेर (जय) का ध्यान भी खाने पर कम है। गर्मी से परेशान हिरण आपस में ही धमा-चौकड़ी कर रहे हैं। बढ़ते तापक्रम को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने वन्य जीवों के लिए स्प्रिंकलर, कूलर, घास की चटाई और जगह-जगह हौज पानी की व्यवस्था की गई है। पशु- पक्षियों की 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। प्राणि उद्यान के 81 प्रजाति के 995 प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में गर्मी से जूझ रहे जानवर इन दिनों खाना कम खा रहे है। चिड़ियाघर की भालू सुषमा ने सबसे पहले अपनी खुराक कम कर दी। शेर जय, सिम्बा, अभि और साक्षी नाम के चार बाघों की नियमित खुराक में भी कमी आई है। इन्हें इनकी उम्र और हेल्थ के हिसाब से डाइट दी जा रही है। लेकिन गर्मी के चलते इन वन्य जीवों ने एक से डेढ़ किलो तक खाना कम कर दिया है। ऐसे में जानवरों की सेहत को ध्यान में रखते हुए चिड़ियाघर प्रबंधन ने जानवरों की डाइट में सप्लीमेंट बढ़ा दिए हैं। साथ ही कैमरों के माध्यम से 24 घंटे इन पर नजर रखी जा रही है। सभी कीपरों को भी सतर्क किया गया है।



फव्वारे के पास एकत्र हिरणों का समूह। अमृत विचार



पानी में बैठा गर्मी से परेशान भालू।

- इन दिनों कम खा रहे खाना, फलों की ओर प्राणि उद्यान प्रशासन का ध्यान
- 81 प्रजाति के 995 प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए किए विशेष इंतजाम

"खुराक कम होने से जानवरों की सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। सप्लीमेंट दिया जा रहा है जिससे उनमें किसी तरह की कोई कमी न होने पाए। साथ ही मौसमी फलों को खुराक में शामिल किया गया है। इसके साथ ही सभी बाड़े में कूलर, स्प्रिलंकर, घास और चटाई लगाकर जानवरों को ठंडा रखने का प्रयास किया जा रहा है। -अदिति शर्मा, निदेशक, चिड़ियाघर

### दिन ही नहीं गर्मी की रात भी पड़ रही भारी

दिन ही नहीं रात में भी वन्य जीवों को गर्मी की वजह से दिक्कत हो रही है। बीते दिन एक रात काले हिरण आपस में भिड़ गए। जिसके बाद उन्हें अलग कर उनकी मॉनीटरिंग की जा रही है। ज्यादातर वन्य जीव सुबह के समय ही बाड़ों में दिख रहे हैं। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार आम तौर पर विजिटर्स एरिया में निकलने के बाद जानवरों के हाउस बंद कर दिए जाते हैं, जबकि इस समय हाउस गेट के साथ विजिटर्स एरिया को भी ओपन रखा जा रहा है।

### 30 से ज्यादा कूलर व स्प्रिंकलर की फुहार दे रही राहत

चिलचिलाती धूप और गर्मी से निजात दिलाने के लिए चिड़ियाघर में कई इंतजाम किये गये हैं। तापमान को सामान्य रखने के लिए हर बाड़े के तापमान को मेंटेन किया जा रहा है। इसके लिए पूरे चिड़ियाघर में 30 से ज्यादा कूलर लगाए गए हैं। इसके साथ ही शेर, चीता, सांप घर, लायन टेल मंकी, व्हाइट टाइगर, उल्लू घर, मछली घर के लिए कूलर चलाए जा रहे हैं। वहीं, गर्मी से बचाने के लिए पशु पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम लगाए गए हैं, जो रोटेशन के आधार पर चलाए जा रहे है। यह स्प्रिंकलर पशुओं के साथ पक्षियों के बाड़े में भी लगे हैं।

### सीजनल फल का स्वाद ले रहे वन्य जीव

पानी की मात्रा अधिक वाले सीजनल फलों का स्वाद भी वन्य जीव ले रहे हैं। इनमें ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूजा और हरी सब्जियां शामिल हैं।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

## एक नजर

### विज्ञान फाउंडेशन ने आयोजित की इंटरफेस बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन संस्था की ओर से बाल अधिकारों के लिए संचालित कार्यक्रम उम्मीदों की उड़ान के अंतर्गत इंदिरानगर में बाल श्रम पर समुदाय को जागरूक व संवेदित करने के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ इंटरफेस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी पवन कुमार, व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, यूनिसेफ संस्था से रिजवाना परवीन, पिंक बूथ की राज्य प्रभारी विमला राना उपस्थित रहे।

### पसमांदा मुस्लिम समाज के नेता हाजी शकील का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पसमांदा मुस्लिम समाज और ऑल इंडिया मंसूरी समाज के संस्थापक सदस्य हाजी शकील अहमद उर्फ़ हाजी शब्बन मंसूरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्हें डालीगंज कब्रिस्तान में हजारों लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पसमांदा समाज उनकी सामाजिक सेवाओं को कभी नहीं भूलेगा।

# बाल श्रम के खिलाफ शुरू हुआ अभियान

## बाल श्रमिकों की पहचान, मुक्ति और पुनर्वास पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाल मजदूरी एक गंभीर सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है, जिसे खत्म करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में 12 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 12 से 17 जून तक चलेगा, जिसमें बाल श्रमिकों की पहचान, मुक्ति और पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बाल श्रम के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत उप श्रमायुक्त कार्यालय से हुई। यह अभियान रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर चलाया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम स्तर पर कैम्पों के माध्यम से बाल श्रम के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया गया।

जनपद लखनऊ में वर्ष 2017-18 से 2024-25 के मध्य बाल श्रम के विरुद्ध 3546 निरीक्षण किये गये, जिसमें 4756 बाल श्रमिक चिन्हित किये गये और संबंधित सेवायोजकों के विरुद्ध न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस अवधि में नियोजकों पर 10,82,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद लखनऊ में 88 बच्चों को बाल श्रमिक विद्या योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6,14,600 रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। इस अभियान के मौके पर उप श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी, सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



हस्ताक्षर अभियान के मौके पर उपस्थित उप श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी, सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार व अन्य। अमृत विचार

▶▶ उपश्रमायुक्त ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की

### बाल श्रम कराने वाले माता-पिता पर भी 10,000 तक का जुर्माना

उप श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि भारत सरकार ने 2016 में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 में व्यापक संशोधन किए हैं। इन संशोधनों के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी प्रकार के व्यवसायों और प्रक्रियाओं में नियोजित करना प्रतिबंधित है। 14 से 18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक प्रक्रियाओं और व्यवसायों (जैसे खदानें, ज्वलनशील पदार्थ, और कारखाना अधिनियम के तहत परिभाषित खतरनाक प्रक्रियाएं) में नियोजित करना निषिद्ध है। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं को 6 माह मे 2 वर्ष तक की कैद और 20,000 से 50,000 तक का जुर्माना हो सकता है। बाल श्रम कराने वाले माता-पिता पर भी 10,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी से मिले नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को संघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नन्दराम कुरील से उनके कार्यालय में मुलाकात करके ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ने कहा कि 1 अप्रैल 2005 से दिसम्बर 2021 तक नगर निगम के एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों के वेतन से काटी गयी धनराशि भविष्य निधि खातों में जमा कराने के लिए संघ के प्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन के बीच 27 सितंबर 2024 को बनी सहमति पर लिए गए निर्णय के बाद भी अब तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने उक्त प्रकरण पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की, जिससे लगभग 2000 कर्मचारियों को लाभ होगा। मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी ने संगठन को भुगतान की कार्रवाई शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर संघ संरक्षक रामचन्द्र यादव, अध्यक्ष आनंद वर्मा, उपाध्यक्ष मो. शोएब, शमील अखलाक, हेमंत कुमार, मंत्री विजय लक्ष्मी, रेखा, मिर्जा इरशाद बेग, संगठन मंत्री अर्जुन यादव, निखिलेश खरे कोषाध्यक्ष यश, विजय प्रकाश गुप्ता, जाकिर अली, कार्यालय प्रभारी शत्रोहन लाल, सलाहकार अब्दुल तनवीर, प्रचार मंत्री अर्क गौतम, संयुक्त मंत्री अनुज गुप्ता मनीष चन्द्र पाल, मो. शमशाद, सुखदेव यादव, पवन पाल उपस्थित रहे।



मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन देते नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

▶▶ कर्मचारियों के वेतन से काटी गई धनराशि भविष्य निधि खातों में जमा करने की मांग की

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

# अमीरुद्दौला लाइब्रेरी में बनेगा मुंशी नवल किशोर म्यूजियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ प्रिन्टिंग मशीन, पुराने रिकॉर्ड, परिधान व वस्तुएं सहेजे जाएंगे

▶▶ दो करोड़ लागत, एलडीए अध्यक्ष के समक्ष किया प्रजेन्टेशन

**अमृत विचार :** कैसरबाग स्थित अमीरुद्दौला लाइब्रेरी ज्ञानवर्द्धक किताबों के साथ ऐतिहासिक विरासत को भी सहेजेगी। इसके लिए लाइब्रेरी में देश के सुप्रसिद्ध प्रकाशक मुंशी नवल किशोर के नाम से म्यूजियम बनाया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस परियोजना का खाका तैयार करके गुरुवार को अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब के समक्ष प्रजेन्टेशन दिया।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि मुंशी नवल किशोर ने वर्ष 1858 में प्रिन्टिंग प्रेस की स्थापना की थी। उन्होंने जीवन काल में हिंदी, अरबी, बंगाली, उर्दू, मराठी, पंजाबी, अंग्रेजी व संस्कृत आदि भाषाओं में 5 हजार से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन किया। प्राधिकरण उनके नाम पर अमीरुद्दौला लाइब्रेरी के एक हिस्से में नवल किशोर म्यूजियम बनाएगा, जिसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। परियोजना में करीब दो करोड़ लागत आएगी। म्यूजियम में स्कल्पचर्स, पुरानी प्रिन्टिंग मशीनें, पुराने रिकॉर्ड्स, परिधान समेत अन्य विन्टेज वस्तुएं सहेजी जाएंगी। इसके अलावा वहां साउंड स्केपिंग का भी काम किया जाएगा। इससे आगंतुकों को अनूठा अहसास होगा। म्यूजियम में इंटरैक्टिव डिस्प्ले यूनिट लगाई जाएगी। इसके माध्यम से लोगों को ज्ञानवर्द्धक जानकारी मिलेंगी। बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव व मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी, अभियंता व आर्किटेक्ट उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मानकों पर अपग्रेड होगी लाइब्रेरी

अमीरुद्दौला लाइब्रेरी के सेटअप पर काम करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों पर अपग्रेड किया जाएगा। लाइब्रेरी के इंट्री प्वाइंट को उच्चीकृत किया जाएगा, साथ ही लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए वहां स्कल्पचर्स लगाए जाएंगे। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि म्यूजियम को हेरिटेज लुक में डिजाइन किया जाए, इससे लोग शहर की इस विरासत से जुड़ सकें।



अलीगंज स्थित सीनियर सिटीजन सेंटर का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

### सीनियर सिटीजन सेंटर का किया औचक निरीक्षण

मंडलायुक्त अलीगंज स्थित ने सीनियर सिटीजन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। लाइब्रेरी एरिया, योगा हाल, कैफेटेरिया, मेडिकल रूम व फाइनेंशियल कंसलटेंसी एरिया का जायजा लिया। निर्देश दिए कि कि सीनियर सिटीजन एरिया के कैंपस में हॉर्टिकल्चर कार्य व ग्रीनिंग के कार्य का विशेष ध्यान रखा जाए। मेम्बर शिप फीस न्यूनतम रखें। ओपन एअर रेस्टोरेंट का संचालन भी किया जाए। कॉउंसलिंग, सांस्कृतिक व एक्टिविटी कार्यक्रम प्राथमिकता पर कराएं। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निशुल्क कैंप, फिजियोथेरेपी एवं योग की कक्षाएं भी चलेंगी। डे केयर सेंटर वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अनेक सुविधाएं प्रदान करेगा। सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर सुबह से शाम तक खुलेगा। साथ में नगर आयुक्त गौरव कुमार भी रहे।

### 26 को होगा नगर निगम सदन का विशेष अधिवेशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम का विशेष सदन 26 जून को होगा। जिसमें नगर निगम कार्यकारणी समिति के 6 नए सदस्यों को मनोनीत किया जाएगा। सदन सुबह 11 बजे से नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोक नाथ सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में महापौर सुषमा खर्कवाल ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। सदन के विशेष अधिवेशन में सेवानिवृत्त हो चुके 6 सदस्यों की जगह नए सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। महापौर ने निर्देशित किया है कि अधिवेशन में पार्षद, नामित सदस्यों तथा सम्बंधित अधिकारियों के अलावा कोई अन्य व्यक्ति उपस्थित न हो।




# उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने सेफ्टी ऑडिट का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी पंकज सिंह ने चारबाग रेलवे स्टेशन के सेफ्टी ऑडिट का निरीक्षण किया।

सबसे पहले पंकज सिंह ने गार्ड लॉबी का निरीक्षण किया गया जिसमें ट्रेन परिचालन के दौरान प्रयोग में लाने वाले उपकरण जैसे वॉकी-टॉकी एफएसडी एवं कार्यालय रिकॉर्ड रजिस्टर की जांच की गई एवं कर्मचारियों से संवाद कर ट्रेन परिचालन के समय बरती जाने वाली सावधानी के बारे में जानकारी प्राप्त की इसके पश्चात स्टेशन पर पावर केबिन में पहुंचकर रेल संचालन की कार्य प्रणाली को देखा और संबंधितों को संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह, मुख्य संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता, स्टेशन डायरेक्टर प्रशान्त कुमार एवं लखनऊ मण्डल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# माल परिवहन सेवाओं में नवाचार व साझेदारी पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा व्यापारिक हितों को बढ़ावा देने एवं रेलवे की माल परिवहन सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को मंडल रेल कार्यालय, में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर एडीआरएम (फ्रेट) गौरव दीक्षित, एवं प्रमुख औद्योगिक संगठनों जैसे इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (फूलपुर), इंडोरामा इंडिया प्रा.लि. (सिंदूरवा), एसोसिएटेड सीमेंट कंपनी प्रा.लि. (गौरीगंज), आरसीसीपीएल प्रा.लि. (कुंदनगंज) समेत अन्य प्रतिष्ठानों के व्यापारीगण एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीआरएम ने बैठक में उपस्थित व्यापारियों को भारतीय रेलवे की नवीनतम माल परिवहन नीतियों एवं पहलों की जानकारी दी और रेलवे के माध्यम से व्यापार को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**राज्य सम्पत्ति अनुभाग-3**
संख्या-एम- 1422/बत्तीस-3-2025-89/2004
लखनऊः दिनांकः 10 जून, 2025

**नीलामी सूचना**

राज्य सम्पत्ति विभाग के 06 निष्प्रयोज्य वाहनों (इनोवा/स्कोडा/इसूजू एवं फारच्यूनर) की नीलामी दिनांक 25 जून, 2025 अपरान्हः 3.00 बजे नीलामी स्थल विधायक निवास-5,मीराबाई मार्ग,लखनऊ के परिसर में कराई जाएगी। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु उच्चतम बोलीदाता द्वारा लगाई गई बोली की 50 प्रतिशत चेक के माध्यम से धनराशि तत्काल जमा करनी होगी एवं तीन कार्य दिवसों के अन्दर अवशेष धनराशि राज्य सम्पत्ति अधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट कार्यालय में जमा कराना होगा। नीलामी में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी का जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। उक्त तिथि को समय अपरान्हः 2.00 बजे तक रू0 10,000/-(रूपये दस हजार मात्र) की धनराशि अर्नेस्ट मनी के रूप में नगद जमा करने वाले प्रतिभागी ही नीलामी में भाग ले सकेंगे तथा बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली न लगाये जाने पर अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा धनराशि को वापस कर दिया जाएगा। बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली का 50 प्रतिशत नीलामी के समय तथा शेष धनराशि निर्धारित अवधि में जमा न किए जाने पर, बोली के समय जमा की गई अर्नेस्टमनी धनराशि रू0-10,000/- जब्त कर ली जाएगी।

UP-234827 दिनांक 11.06.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)
अनु सचिव।

**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
UPPTCL

**ई-निविदा सूचना संख्या 12/ECTC/2025-26:** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट- II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 12 - **कार्य का नाम:- विद्युत 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र, कुन्दन रोड, उन्नाव पर (2x63) एम0वी0ए0 से (2x63+1x40) एम0वी0ए0 क्षमतावृद्धि के जानपदीय निर्माण कार्य।** कार्य की अनुमानित लागत :- रू. 58.81 लाख, कार्यावधि :- 02 माह, उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 14.07.2025 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 15.07.2025 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **''राष्ट्र हित में बिजली बचाए'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, कक्ष सं. 223 से 226, प्रथम तल, पारेषण भवन, उ0प्र0 एस0एल0 डी0सी परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। संख्या- 1878-वि.जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक: 12/06/2025**

# 14 वर्ष की कानूनी लड़ाई के बाद सिखाया सबक, मिला हक

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अग्रवाल पैकर्स का मामला**

▶▶ न केवल मुआवजा लिया बल्कि ब्याज की पाई-पाई वसूली

**अमृत विचार :** भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक रहे जगदीश नारायण भट्ट को एक शहर से दूसरे शहर अपना घरेलू सामान और कार शिफ्ट कराने में हुए नुकसान का मुआवजा हासिल करने के लिए 14 वर्ष की कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। केस फाइल किया तब उनकी सेवा के 10 वर्ष बाकी थे और जब न्याय मिला तो उन्हें सेवानिवृत्त हुए 4 वर्ष बीत चुके हैं। लंबी लड़ाई के बाद इस मामले में एनसीबीआरसी के चैयरमैन जस्टिस एपी शाही और जस्टिस भरत पंडया के स्पष्ट निर्देश के बाद कम्पनी को मुआवजा भरना पड़ा।

जगदीश भट्ट का वर्ष 2012 में भोपाल से कोलकाता स्थानान्तरण हुआ तो उन्होंने अग्रवाल पैकर्स से सामान शिफ्ट कराने की बात की। कम्पनी ने घरेलू सामान के लिए 62 हजार रुपए और कार के लिए 18,500 रुपये का अग्रिम भुगतान ले लिया। सामान कोलकाता पहुंचा तो तमाम सामान टूट चुके थे, कार को भी काफी नुकसान हुआ था। उन्होंने उसी दिन कोलकाता और कम्पनी के सिकन्दराबाद स्थित मुख्यालय को मेल कर नुकसान की जानकारी दी। 21 अप्रैल 2012 को कम्पनी ने भी मेल के माध्यम से नुकसान की पुष्टि की।

इस मामले में कम्पनी से लगातार सम्पर्क होने के बावजूद उसने कुछ नहीं किया तो उन्होंने 27 अगस्त 2012 को लीगल नोटिस भेजी और 19 मार्च 2013 को कोलकाता, भोपाल और कम्पनी मुख्यालय के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में केस दायर कर दिया। कम्पनी तारीख पर तारीख लगवाती रही और फिर सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के आधार पर इस केस को ही डिसमिस करा दिया।

जगदीश भट्ट ने इस फैसले के खिलाफ अपील की तो राज्य उपभोक्ता फोरम ने कहा कि केस डिसमिस करना गलत है। उसने जिला उपभोक्ता फोरम को मेरिट के आधार पर सुनवाई को कहा। 26 दिसम्बर 2016 को फोरम ने कम्पनी को आदेश दिया कि वह एक लाख 40 हजार 500 का भुगतान करे। भुगतान न करने पर 10 फीसदी की दर से ब्याज भी देना होगा। कम्पनी ने इसके बावजूद मुआवजे की रकम अदा नहीं की। अदालत ने फरवरी 2018 में कम्पनी के अधिकारियों का गैर जमानती वारंट काट दिया। पुलिस कार्रवाई के लिए सक्रिय हुई तो कम्पनी ने इस आदेश के खिलाफ स्टे ले लिया। जगदीश भट्ट 2012 से 2018 तक कोलकाता में रहकर मुकदमा लड़ते रहे लेकिन न्याय हासिल नहीं कर पाए। इसके बाद उनका लखनऊ के रिजर्व बैंक ट्रांसफर हो गया। मुकदमे की तारीखों पर वह कोलकाता चक्कर लगाते रहे लेकिन राज्य उपभोक्ता फोरम में तारीख पर तारीख लगती रही। मुकदमा लड़ते हुए वह 2021 में सेवानिवृत्त हो गये। 21 दिसम्बर 2020 को तो फोरम ने अगली तारीख 11 अगस्त 2021 दी। मैं डाल-डाल तू पात-पात का सिलसिला चलता रहा। परेशान उपभोक्ता ने राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम (एनसीबीआरसी) की शरण ली। कमीशन के चेयरमैन जस्टिस एपी शाही और जस्टिस भरत पंडया को जब यह पता चला कि 2012 से सिर्फ तारीखें ही मिली हैं। तब उन्होंने इस मामले को तत्काल निपटाने का आदेश दिया। नेशनल कमीशन के आदेश पर 26 दिसम्बर 2016 को हुए ऑर्डर को ही लागू करने का आदेश देते हुए आदेश की तारीख से 10 फीसदी ब्याज का भुगतान करने को भी कहा। इस सख्त आदेश के बाद कम्पनी ने दो चेक के माध्यम से उपभोक्ता को तीन लाख रुपये का भुगतान किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि श्री प्रकाश पुत्र रामनरेश का आधार कार्ड बना हुआ है आधार कार्ड नंबर 219049 4345 97 है। वहीं इसी आधार नंबर पर विजय कुमार पुत्र रामनरेश के नाम से दूसरा आधार भी बना हुआ है। दोनों नाम के गाव में एक ही व्यक्ति हैं और आधार नंबर भी एक है। अब श्री प्रकाश के नाम से जाना जाए। **श्री प्रकाश उर्फ विजय कुमार पुत्र रामनरेश, निवासी- ग्राम परसा अगैया पोस्ट हाड़ा बसेहरी तहसील नानपारा बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम MO SHARUKH से बदल कर MOHD SHARUKH रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- AZAD ALI R/O-PURE RAMDEV NARHARPUR POST KOHDAUR, PRATAPGARH

**सूचना**
मैं **जेबा नाहिद अब्बासी पत्नी स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी निवासी ग्राम बाबूपुर पो0 बाबूपुर तह0 व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर** की हूँ। मेरे पुत्र जैनुद्दीन अब्बासी पुत्र स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी व बहू फिरदौस जहाँ पत्नी जैनुद्दीन व बहू शाहीन पत्नी जैनुद्दीन निवासीगण बाबपुर पो0 बाबूपुर तहसील व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर के क्रिया कलापों व चाल-चलन ठीक न होने के कारण इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**
मैं **सत्यवती पत्नी स्व0 शत्रोहन लाल वर्मा निवासी म0 न0 बी0पी0एल0 2272 जसवन्तनगर, ककरहिया थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।** एक वृद्ध महिला है जो चलने फिरने में असमर्थ है उसका पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि उसको खाना पीना नहीं देता और आये दिन शराब पीकर आता है और भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं और मारते पीटते हैं और कहते हैं कि उक्त मकान हमारे नाम कर दो नहीं तो तुम्हे जान से मार देगें। अतः मैं अपने पूरे होशोहवास में अपनी चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि वर्मा को बेदखल करती हूँ अगर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना मेरे साथ घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि की होगी।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **उमा देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद ग्राम पो. मटका थाना एवं तहसील सलोन जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरे तीन पुत्र अजय कुमार, अजीत कुमार वैश्य व मंजीत कुमार हैं। मेरे दूसरे नंबर के पुत्र अजीत कुमार वैश्य और उनकी पत्नी रिया अग्रहरि का कार्य एवं व्यवहार अच्छा नहीं है। उनके गलत आचरण और परिजनों से आए दिन दुर्व्यवहार करने से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**बैठक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डिवली वि0ख0 बभनजोत जनपद गोण्डा के अर्न्तगत प्रस्तावित मस्त मत्स्य जीवी सहकारी समिति डिवलीडीह, ग्राम डिवलीडीह बभनजोत, गोण्डा की द्वितीय बैठक -17-06-25 को कराया जाना है। बैठक ग्राम के रहने वाले भग्गू के घर पर सायं -1 बजे कराया जाना तय पाया गया है। **मुख्य - प्रवर्तक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डिवलीडीह, बभनजोत गोण्डा**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रजनीश कुमार पुत्र स्व. हरिश्चंद्र ग्राम पूरे त्रिवेदी पो. राजा फत्तेपुर जिला अमेठी** का निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरी पालिसी संख्या 218440315 है, जिसमें मेरा नाम राजेश कुमार लिखा है। मेरे आधार कार्ड और बैंक खाता में रजनीश कुमार अंकित है। राजेश कुमार और रजनीश कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2025-63-66 से NER-LJN-2025-68-95**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदयें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है - **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-94, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 1 में जोनल कार्य - क्षेत्र : लखनऊ जंक्शन स्टेशन क्षेत्र, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म, किमी 1.0 तक अन्य सर्विस बिल्डिंग और कानपुर अनवरगंज की अन्य संपत्तियों का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,84,49,629.68, **अग्रिम धन :** रु. 2,42,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-63, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 2 में जोनल कार्य - क्षेत्र : चारबाग लोको कॉलोनी, लखनऊ जंक्शन बीजी वॉशिंग कॉम्प्लेक्स, रेलवे स्टेडियम, आरपीएफ बैरक, रेलवे कॉलोनी के साथ सर्विस बिल्डिंग का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,74,38,900.26, **अग्रिम धन :** रु. 2,87,200.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-64, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 3 में जोनल कार्य - क्षेत्र : ऐशबाग कॉलोनी, पॉलीक्लिनिक एवं सर्विस बिल्डिंग, ऐशबाग रेलवे स्टेशन, स्टेशन सर्विस बिल्डिंग, लखनऊ शहर एवं डालीगंज रेलवे स्टेशन/सर्विस बिल्डिंग एवं कॉलोनी का कार्य। (लेवल क्रॉसिंग और पुलों को छोड़कर), **अनुमानित लागत :** रु. 2,53,76,014.05, **अग्रिम धन :** रु. 2,76,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-65, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 4ए में जोनल कार्य - क्षेत्र : एसएसई/डब्लयू/बी. बाग के अधिकार क्षेत्र में बी. बाग ऑफिसर कॉलोनी जिसमें ऑफिसर्स क्लब, स्विमिंग पूल और स्टाफ क्वार्टर शामिल है, और डीआरएम कार्यालय भवन, **अनुमानित लागत :** रु. 1,43,90,783.54, **अग्रिम धन :** रु. 2,22,000.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-66, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 4ब में जोनल कार्य - एसएसई/डब्लयू/बी. बाग के अधिकार क्षेत्र में डीआरएम कार्यालय, अशोक मार्ग लखनऊ, रेलवे कालोनी और डीआरएम कार्यालय भवन, **अनुमानित लागत :** रु. 88,01,758.94, **अग्रिम धन :** रु. 1,76,000.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-95, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 5 में क्षेत्र : डालीगंज (रहित) से बुढ़वल (सहित) किमी. 774/4 से 763/4 तथा 745/0 से 718/0 तक तथा डालीगंज (रहित) से अटरिया (रहित) एवं किमी. 1/0 से 38/0 तक एवं समपार स. 2ए से किमी. 4/0 मानकनगर (रहित), बादशाहनगर स्थित सभी कार्यालय, स्टेशन भवन, एवं आवासीय परिसर का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 3,64,24,351.10, **अग्रिम धन :** रु. 3,32,100.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-68, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 5ए में - क्षेत्र : बादशाहनगर मण्डल रेलवे अस्पताल एवं ऐशबाग हेल्थ युनिट का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,80,30,779.10, **अग्रिम धनः** रु. 2,40,200.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-69, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2026 : जोन सं. 6 में - क्षेत्र : बुढ़वल (रहित) से गोण्डा कचहरी (रहित) किमी. 718/0 से किमी. 663/5-6 तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,17,62,136.70, **अग्रिम धन :** रु. 2,08,800.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-70, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 7 में-क्षेत्र : गोंडा मुख्यालय क्षेत्र 'ए' रोड संख्या 1 से 18 तथा साहब गंज कालोनी, सेमरा, गिरजा का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,24,96,269.71, **अग्रिम धन :** रु. 2,62,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-71, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 7 'ए' में-क्षेत्र : गोंडा इंजीनियरिंग कालोनी, स्टेशन कालोनी, जी. आर. पी. बैरेक व कालोनी, अधिकारी विश्रामालय, अधिकारी आवास, संयुक्त कार्यालय, डीजल ट्रेनिंग सेंटर, स्विच रूम आदि का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,07,71,247.69, **अग्रिम धन :** रु. 2,53,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-72, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 8 में-क्षेत्र : गोण्डा मुख्यालय क्षेत्र 'बी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,29,61,907.19, **अग्रिम धन :** रु. 2,64,800.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-73, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 8ए में-क्षेत्र : गोण्डा में स्थित आर. ओ. एच. भवन एवं आर. ओ. एच. शेड का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 67,31,982.67, **अग्रिम धन :** रु. 1,34,600.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-74, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 9 में-क्षेत्र : गोण्डा स्टेशन & गोण्डा कचहरी (सहित) से मोतीगंज (रहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,09,70,826.35, **अग्रिम धन :** रु. 2,54,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-75, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 9A में-क्षेत्र : गोण्डा डीजल शेड में कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 83,85,621.67, **अग्रिम धन :** रु. 1,67,700.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-76, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 10 में-क्षेत्र : मसकनवा (रहित) से बरूआचक (रहित) किमी. 616/0 से 644/0 एवं मनकापुर (सहित) से अयोध्या (रहित) कि. मी. 0/0 से 36/8-9 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,31,31,743.82, **अग्रिम धन :** रु. 2,15,700.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-77, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 11 में-क्षेत्र : मुंडेरवा (रहित) से मसकनवा (सहित) किमी. 557/0 से किमी. 616/0 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,24,56,171.30, **अग्रिम धन :** रु. 2,62,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-78, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 12 में-क्षेत्र : मुण्डेरवा (सहित) से गोरखपुर (रहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,68,56,090.35, **अग्रिम धन :** रु. 2,34,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-79, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 13 में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'ए' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,03,06,378.96, **अग्रिम धन :** रु. 2,01,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-80, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'बी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,07,83,438.46, **अग्रिम धन :** रु. 2,03,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-81, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 'अ' में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'सी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 96,92,738.46, **अग्रिम धन :** रु. 1,93,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-82, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 'ब' में-क्षेत्र : गोरखपुर क्षेत्र 'डी' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,04,72,738.46, **अग्रिम धन :** रु. 2,02,400.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-83, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 14 'सी' में-क्षेत्र : गोरखपुर इल्केट्रिक लोको शेड का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,42,58,130.50, **अग्रिम धन :** रु. 2,21,300.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-84, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 15 में-क्षेत्र : मानीराम (सहित) से नौतनवा का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,36,25,273.70, **अग्रिम धन :** रु. 2,18,100.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-85, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 16 में-क्षेत्र : - आनन्दनगर किमी 45/0 से गैंसडी (रहित) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,74,87,870.62, **अग्रिम धन :** रु. 2,37,400.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-86, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 17 में-क्षेत्र : - गैंसडी (सहित) से गोण्डा (रहित) किमी 135/2-218/0 एवं गैंसडी-जरवा अनुभाव कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,43,78,116.12, **अग्रिम धन :** रु. 2,21,900.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-87, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 18 में-क्षेत्र : अटरिया (सहित) से सीतापुर (सहित) किमी 95/500 तक, थॉमसनगंज साइडिंग और सीतापुर यार्ड किमी 100/400 तक (सीतापुर सिटी छोर) का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 2,48,27,972.36, **अग्रिम धन :** रु. 2,74,100.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-88, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 19 में-क्षेत्र : सीतापुर कैंट (रहित) से बुढ़वल (रहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,89,31,254.46, **अग्रिम धन :** रु. 2,44,700.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-89, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 20 में-क्षेत्र : सीतापुर (सहित) किमी 95/500 से गोला गोकर्णनाथ (सहित) किमी. 170/0 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,46,99,173.90, **अग्रिम धन :** रु. 2,23,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-90, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 21 में-क्षेत्र : गोला गोकर्णनाथ (रहित) पलियाकलां (रहित) किमी 170/0 का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,25,10,042.43, **अग्रिम धन :** रु. 2,12,600.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-91, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 22 में-क्षेत्र : पलियाकलाँ (सहित) से निशानगाढ़ा (सहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 92,98,703.39, **अग्रिम धन :** रु. 1,86,000.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-92, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 23 में-क्षेत्र : रिसिया (रहित) से निशानगाढ़ा (रहित) तक एवं नेपालगंज रोड - नानपारा का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 82,09,322.85, **अग्रिम धन :** रु. 1,64,200.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26. **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-93, कार्य का नाम :** सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2026 : जोन सं. 24 में-क्षेत्र : गोण्डा (रहित) से रिसिया (सहित) तक का कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 1,08,94,273.85, **अग्रिम धन :** रु. 2,04,500.00, **समापन अवधि :** समयान्त 30.06.26.

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-63-66** से **NER-LJN-2025-68-95** तक के लिए ई-निविदा दिनांक **02.07.2025** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-109 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

## एक नजर

### दो दिवसीय फिल्मोत्सव आज से

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग स्थित सनतकदा में लखनऊ बायोस्कोप की ओर से कृति फिल्म के सहयोग से दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे से होने वाले इस फिल्म महोत्सव के पहले दिन एकतारा कलेक्टिव द्वारा निर्देशित और निर्मित ए प्लेस ऑफ अवर ओन का प्रदर्शन किया जाएगा। यह फिल्म रोशनी और लैला की कहानी है, दो ट्रांस महिलाएं जो अपनी जगह बनाने की जद्दोजहद कर रही हैं महोत्सव के दूसरे दिन शाम 5:30 बजे से दो फिल्में दिखाई जाएंगी। प्रशांत पाटिल द्वारा निर्देशित फिल्म अलिंगन पानवी नाम की लड़की की कहानी है, जिसे अपनी जिंदगी का प्यार मिला है और उसे अपने माता-पिता के सामने सच बताना है। प्रीति काणुंगो और सौरव यादव द्वारा निर्देशित फिल्म मालवा खुशान दो बहनों मालवा और खुशान की कहानी है जो किशोरावस्था में यौनिकता और आकर्षण की खोज करती है। दोनों दिन फिल्म दिखाने के बाद संबंधित निर्देशकों के साथ चर्चा का भी आयोजन होगा।

### मध्यांचल मुख्यालय में 14 को लगेगी पेंशन अदालत

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यांचल डिस्कॉम से सेवानिवृत्त हो चुके पेंशनरों की पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए 14 जून को मध्यांचल मुख्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन किया जायेगा। अदालत में पारिवारिक पेंशनर्स से लेकर सभी पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया जायेगा।

### हफ्ते में दो दिन नागरिकों से रूबरू होंगी महापौर

अमृत विचार, लखनऊ : आकाशवाणी पर लाइव प्रसारण के माध्यम से लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल हर दूसरे और चौथे शुक्रवार को जनता की समस्याओं से रूबरू होंगी। आकाशवाणी लखनऊ के एफएम रेनबो चैनल के स्टूडियो से सुषमा खर्कवाल जनता की समस्याओं को सुनेंगी और उनके निराकरण का आदेश देंगी।

# बिजली कटौती से परेशान व्यापारी उतरे सड़क पर

## हाथों में पोस्टर लेकर किया नटखेड़ा रोड पर प्रदर्शन, सुधार न होने पर दी उपकेन्द्र का घेराव करने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भीषण गर्मी में बिजली की दिक्कतों से परेशान लोगों का गुस्सा अब सड़क पर दिखने लगा है। शहर के कई इलाकों में आज भी घंटों बिजली कटौती बदस्तूर जारी रही। इससे परेशान लोगों ने अब उपकेंद्र का घेराव और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

नटखेड़ा रोड पर गुरुवार को बिजली कटौती से नाराज व्यापारियों ने नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल मनीष अरोड़ा के नेतृत्व में दुकान बंद कर प्रदर्शन किया। हाथों में पोस्टर लिए व्यापारी नटखेड़ा चौराहे जाम लगा करीब दो घंटे तक डटे रहे। व्यापारी नेता ने बताया कि आलमबाग, गोविंद गली, जयप्रकाश नगर, नटखेड़ा रोड सहित आसपास के इलाकों में प्रतिदिन कितने घंटों बिजली कटौती हो रही है। इसके कारण लोगों को पानी समेत कई अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



नटखेड़ा रोड पर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

क्षेत्र में शाम होते ही बिजली सप्लाई ठप हो जाती है। उपकेंद्र सहित अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी सप्लाई को सामान्य होने में घंटों लग जाते हैं। इसके कारण व्यापारियों को व्यापार प्रभावित हो रहा है। अगर विभाग की ओर से जल्द ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुधारा नहीं जाता है, तो व्यापारी उपकेंद्र का घेराव करने को मजबूर हो जायेंगे। प्रदर्शन में अरोड़ा के अलावा, वरिष्ठ महामंत्री राजेंद्र बत्रा, महामंत्री राजन सोनकर, उपकार सिंह, उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, मोहन जेठानी ,विवक सक्सेना, प्रीतम कोर, मीत कल्याणी, योगेश भगवानी, सोनू बनिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। इसके अलावा अमीनाबाद, ऐशबाग, खजुआ, कुंडरीरकाबगंज, राम नगर, तिलक नगर, मौलवीगंज समेत कई इलाकों में ट्रांसफार्मर की खराबी और अन्य तकनीकी कारणों के चलते करीब 3 घंटे तक सप्लाई बंद रही। राजाजीपुरम न्यू सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले इलाकों में पिछले चार दिनों से घंटों सप्लाई बाधित हो रही है। शिकायत करने पर अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं।

> बिजली कटौती की समस्या से निपटने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। ट्रांसफार्मरों, अंडरग्राउंड केबिल सहित सभी तकनीकी खामियों को दूर करने का काम तेजी से किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति देना हमारी पहली प्राथमिकता है।
>
> -रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता, सिसगोमती

बीती रात अहिबरनपुर उपकेंद्र के मक्कागंज, मदेयगंज, कर्बला ढाल सहित आसपास के इलाके में ट्रांसफार्मर में आई खराब खराबी के कारण करीब 5 घंटे तक अंधेरा छाया रहा। इस दौरान लोगों ने उपकेंद्र पर सैकड़ो फोन किए, घंटों फोन रिसीव ही नहीं हुआ। उतरेठिया, तेलीबाग, अलीगंज, महानगर, गुडंबा, मडियांव, फैजुल्लागंज, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, जानकीपुरम, बंगलाबाजार, मोहनलालगंज, निगोहां, इटौंजा, चौक, कैंट रोड, विकासनगर, राजेंद्रनगर, अर्जुनगंज, हुसैनगंज,लालकुआं, गोमतीनगर,चिनहट, बालागंज, दुबग्गा, बीकेटी, काकोरी में केबिल फॉल्ट, जम्फर के जलने, शॉर्ट सर्किट, पेटीफ्यूज, ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण 3 घंटे तक बिजली कटौती बनी रही।

# नेशनल मॉन्यूमेंट अथॉरिटी को पक्षकार बनने का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ फैमिली कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग ढहाने का मामला

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कैसरबाग स्थित फैमिली कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग को ढहाने के मामले में नेशनल मॉन्यूमेंट अथॉरिटी को पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। वहीं न्यायालय ने पूर्व के आदेश के अनुपालन में हाजिर हुई मंडलायुक्त को शपथ पत्र दाखिल कर एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को बताने का आदेश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया व न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की अवकाश कालीन पीठ ने गौतम भारती की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि फैमिली कोर्ट की उक्त पुरानी बिल्डिंग लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, इसे संरक्षित करने के बजाय राज्य सरकार इसे गिराकर यहां नए कोर्ट रूम बनाना चाहती है। कहा गया है कि उक्त पुराने भवन के सांस्कृतिक महत्व का आकलन किए बगैर भवन को गिराने की एनओसी जारी कर दी गई। सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में यह भी लाया गया कि हेरिटेज इंपैक्ट रिपोर्ट गुरुवार को ही जारी की गई है।

इस पर न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि मामले के सभी तथ्यों को नेशनल मॉन्यूमेंट अथॉरिटी को भेजा जाए तथा उनसे उत्तर प्राप्त होने के बाद ही एनओसी जारी की जाएगी। न्यायालय ने मामले में केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा है।

### सुमित और परवेज के गोल से लखनऊ फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : सुमित और परवेज के साथ ही गोलकीपर प्रदीप कुमार के शानदार प्रदर्शन के चलते 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ ने 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर को 2-0 से हरा कर 27वीं अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। महानगर स्थित 35वीं बटालियन पीएसी के फुटबॉल मैदान में खेली जा रही प्रतियोगिता में लखनऊ और गोरखपुर के बीच खेला गया मुकाबला काफी रोमांचक रहा। पहले ही हॉफ में दो गोल से पिछड़ने से बौखलाई गोरखपुर की टीम ने ताबड़तोड़ कई हमले किए लेकिन गोल पोस्ट के सामने मौजूद लखनऊ प्रदीप कुमार को मात नहीं दे सके। प्रदीप ने गोरखपुर के सभी हमले नाकाम कर दिये। इससे पहले खेले गए चौथे लीग मैच में 32वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी ने 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर को 9-0 से हरा दिया।

# नगर निगम कार्यालय के बाहर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को जोन 6 कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने जोनल अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लखनऊ सफाई कर्मचारी यूनियन के तत्वावधान में आयोजित धरने में सहयोगी सफाई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, बीट इंचार्ज तथा सफाई सुपरवाइजर शामिल हुए।

जोनल अधिकारी मनोज यादव द्वारा सफाई सुपरवाइजर रोहित धानुक से जबरन नाली सफाई कराने और जातिसूचक टिप्पणी करने से उसे हार्ट अटैक पड़ गया था। इससे सफाई कर्मचारियों में जोनल अधिकारी के प्रति जबर्दस्त आक्रोश व्याप्त था। धरने के दौरान ही महापौर सुषमा खर्कवाल के कार्यालय से फोन करके धरना खत्म करने और पदाधिकारियों को नगर निगम मुख्यालय बुलाया गया। लखनऊ सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ज्ञान चंद्र भारती के नेतृत्व में महापौर से मुलाकात के दौरान कर्मचारियों ने जोनल अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।



महापौर को उनके कार्यालय में ज्ञापन देते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

▸▸ महापौर से मुलाकात के बाद धरना किया समाप्त

▸▸ महापौर ने जोनल अधिकारी को दी चेतावनी

जिस पर महापौर ने जोनल अधिकारी को भविष्य में किसी भी कर्मचारी से अभद्र टिप्पणी नहीं करने की चेतावनी दी। कार्यालय पहुंचते ही अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव पीड़ित सुपरवाइजर रोहित से मिलने अस्पताल पहुंचे और उनके इलाज पर आए खर्च की चिकित्सा प्रतिपूर्ति भेज दी। जिसके बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया।

## सार-संक्षेप

### पेयजल व सीवर की समस्या हो तो इन नंबरों पर करें फोन

अमृत विचार : भीषण गर्मी के दौरान पेयजल के अलावा सीवर की समस्या के लिए जलकल विभाग से शिकायत कर सकते हैं। इसके जलकल विभाग ने कंट्रोल रूम और जोनवार अधिकारियों के फोन नंबर जारी किए हैं। इन समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा। कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8177054100, 8177054003 और 8177054010 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा 8177054003 व 8177054010 पर व्हाट्सअप चैट सेवा भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे लोग संदेश के माध्यम से भी अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। सीवर से जुड़ी शिकायतों के लिए सुएज इंडिया प्रालि. के टोल फ्री नंबर 18003130522 भी जारी किया गया है, जहां नागरिक बिना किसी शुल्क के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि जल या सीवर समस्या की स्थिति में तुरंत संबंधित नंबरों पर संपर्क करें।

### विमान हादसे के मद्देनजर समर कार्निवाल में संस्कृति संध्या स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया के हादसे में बड़ी संख्या में लोगों का निधन हो जाने की वजह से गोमतीनगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल में गुरुवार को सांस्कृतिक संध्या स्थगित कर दी गई। प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि फ्लाइट हादसे में हमारे दो पायलट, 10 क्रू मेंबर, ब्रिटिश और पुर्तगाल के नागरिकों सहित भारत के 150 से अधिक नागरिकों की मौत बहुत दुखद मामला है। तमाम घरों के चिराग गुल हो गये हैं इसलिए यह जरूरी है कि कम से कम आज के दिन गीत, संगीत और नृत्य की महफ़िल न सजाई जाए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज की संस्कृति संध्या को स्थगित कर दिया गया।

### आईटी कॉलेज में स्नातक प्रवेश परीक्षा दो और तीन जुलाई को

अमृत विचार, लखनऊ : इसाबेला थोबर्न (आईटी) कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 2 व 3 जुलाई को किया गया है। इस संबंध में कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना भी जारी कर दी गई है। इसी तरह परास्नातक पाठ्यक्रमों के फॉर्म जमा करने की भी अंतिम तिथि निर्धारित हुई है। प्राचार्या डॉ. राजेश्वरी मिश्रा का कहना है कि दो जुलाई को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक बीकॉम और दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक बीएससी व बीएचएसी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह तीन जुलाई को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक बीए के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। गुरुवार से परास्नातक पाठ्यक्रमों के फॉर्म भी जमा होने शुरू हो गए हैं। पीजी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है।

### यूपी के सुमित वैश्य ने लहराया परचम

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) की देखरेख में लुलू मॉल स्थित फंटुरा बॉलिंग सेंटर में प्रथम नॉर्थ जोन टेनपिन बॉलिंग रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित हुआ। टूर्नामेंट के चौथे दिन फाइनल में राष्ट्रीय खिलाड़ी सुमित वैश्य ने ध्रुव शारदा को 431-382 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि टेनपिन बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष आर .कन्नन और विशिष्ट अतिथि, लुलु मॉल लखनऊ के निदेशक जयकुमार गंगाधरण ने पुरस्कार वितरित किया।

### आशुतोष की बल्लेबाजी से द्रोण अकादमी ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच रहे आशुतोष पाण्डेय की विस्फोटक बल्लेबाजी के चलते द्रोण क्रिकेट अकादमी ने डॉ. अंशुल आलोक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के राउंड वन में सीएएल ग्रीन को 158 रनों से पराजित कर दिया। योगानंद मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में द्रोण क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में नौ विकेट खोकर 245 रनों का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। जैद ने जहां 50 रन की बेहतरीन पारी खेली, वहीं आशुतोष पाण्डेय ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 12 चौके, पांच छक्के की मदद से 57 गेंदों में 92 रनों की शानदार पारी खेली।

### पेंशनरों ने मांगे पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने की शपथ ली

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति का आठवां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को चारबाग बस स्टेशन के संयुक्त परिषद हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पेंशनरों ने केंद्र सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैया पर आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी ने कहा कि न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपया प्रति महीना, डीए और मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग के लिए पेंशनर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रहे हैं पर सरकार झूठे आश्वासन देकर मसले को बार-बार टाल रही है। कार्यक्रम में पेंशनरों ने शपथ ली कि वह मांगे पूरी हुई कराकर ही रहेंगे चाहे किसी भी प्रकार का आंदोलन करना पड़े और मांगे पूरी होने तक संघर्ष जारी रखेंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी, मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह बिसेन, संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश चंद मिश्रा, सूरज प्रसाद, डीडी यादव, आरएस त्रिपाठी, एपी सिंह, डीके मिश्रा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर ने किया।

# मानव श्रृंखला बनाकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः फिलीस्तीनी जनता के साथ एकजुटता और इजरायल द्वारा किये जा रहे नरसंहार के खिलाफ गुरुवार को परिवर्तन चौक पर एक मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रदर्शन में 15 संगठनों के लोगों ने भागीदारी की। हिस्सेदारी करने वालों में एडवा से मधु गर्ग, साझी दुनिया से रूपरेखा वर्मा, स्त्री मुक्ति लीग से कात्यायनी, इप्टा से राकेश, जन संस्कृति मंच से कौशल किशोर, किसान सभा से प्रवीन सिंह, महिला फेडरेशन से कांति मिश्रा, जलेस से नाइश, एसएफआई से अब्दुल वहाब, नौजवान सभा से लालचंद आदि लोगों ने हिस्सेदारी की।



मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन करते सामाजिक कार्यकर्ता। अमृत विचार

इस मौके पर एक सभा की गई जिसमें फिलीस्तीन की संघर्षशील जनता के समर्थन में एडवा की मधु गर्ग द्वारा प्रस्ताव पढ़ा गया। प्रस्ताव में फिलीस्तीन के खिलाफ इजरायल द्वारा चलाए जा रहे नरसंहारक युद्ध की सख्त निंदा करते हुए तुरंत युद्धविराम की बात कही गई। प्रस्ताव में राहत सामग्री ले जा रहे फ्रीडम फ्लोटिला जहाज के 12 निहत्थे मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की सख्त निंदा की गई। प्रस्ताव में मांग की गई कि मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई हो। रफा बार्डर से राहत सामग्री को रोका नहीं जाये। इजराइल को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा नस्लभेदी राष्ट्र घोषित किया जाए। युद्ध विराम हो और उसकी शर्तों को माना जाये। फिलीस्तीन को उसकी जमीन वापस की जाये जिसकी सीमाएं 1967 वाली हों।

▸▸ फिलीस्तीनी जनता के साथ एकजुटता का दिया संदेश



सम्मान के दौरान उर्मिला कुमारी। अमृत विचार

### कारगिल वीरों के परिजनों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सेना 26वां कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को मनाएगी। इसके उपलक्ष्य में 'घर घर शौर्य सम्मान महोत्सव' आयोजित किया गया है। इस महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को हस्तिनापुर तहसील मवाना, मेरठ निवासी उर्मिला कुमारी को सम्मानित किया गया। जो शहीद ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, सेना मेडल (मरणोपरांत) की पत्नी है। परिजनों से संवाद करके उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान परिजनों की आवश्यकताओं के निराकरण के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसी तरह घर-घर जा कर शहीदों के परिजनों को सम्मान पत्र तथा स्मृति चिह्न भेंट किया जा रहा है।

# तनाव से बचना है तो करें भ्रामरी प्राणायाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः अवसाद और तनाव आधुनिक जीवन में किसी विपदा से कम नहीं है। भागदौड़ भरी जिंदगी में लगभग हर पांचवां व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवसाद का शिकार होता जा रहा है। इससे बचने के लिए योगमय और प्राकृतिक जीवन की तरफ लौटना होगा।

इसी विषय को लेकर अवसाद के प्रबंधन में योग की भूमिका पर लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें योग विशेषज्ञों ने अवसाद और तनाव से बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा किया। अवसाद और तनाव से बचने के लिए योग निद्रा, प्रेक्षा ध्यान और भ्रामरी प्राणायाम बेजोड़ है और यह मेडिकल साइंस से भी प्रमाणित है। विश्वविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन के क्रम में अवसाद के प्रबंधन में योग की भूमिका विषय पर सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ. बृजेन्द्र प्रताप सिंह योग इंस्ट्रक्टर, स्टेट आयुर्वेदिक हॉस्पिटल ने बताया कि भुजंगासन, भद्रासन व अनुलोम विलोम, भ्रामरी के साथ उज्जायी प्राणायाम तनाव के स्तर को कम करने में सहायक होते हैं। व्यक्ति की जीवनशैली, आहार, विहार और शारीरिक कार्यशैली भी उसके जीवन में तनाव के स्तर को प्रभावित करते हैं। डॉ. सिंह ने अवसाद प्रबंधन में योग की भूमिका का वैज्ञानिक तथा सामाजिक महत्व पर विस्तार से चर्चा किया।

> तनाव व अवसाद के प्रबंधन में यौगिक जीवन शैली का अनुसरण ही एक सुलभ विकल्प है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार संपूर्ण विश्व की आबादी के लगभग 5 प्रतिशत लोग अवसाद से पीड़ित है। पतंजलि के आष्टांग योग में बताए गए यम व नियम आज के परिवेश में संजीवनी समान है तथा सार्थक जीवन जीने की संपूर्ण कुंजी स्वरूप है। यदि कोई व्यक्ति इसे सीखना चाहता हो तो हम उसे निशुल्क प्रशिक्षण देंगे।
>
> -डॉ. अमरजीत यादव, कोआर्डिनेटर, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, लविवि

# दो दिनों में 200 पदों पर भर्ती, 29 चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः आईटीआई अलीगंज में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें कुल 29 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला है। बुधवार और गुरुवार को आयोजित मेले में एमआरएफ और सैमसंग कंपनियों ने करीब 200 पदों पर भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया। पहले दिन 22 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया जिसमें 12 का चयन किया गया। जबकि दूसरे दिन 55 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया जिनमें से 17 चयनित कर लिए गए। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया।



नियुक्ति पत्र दिखाते चयनित अभ्यर्थी। अमृत विचार

▸▸ आईटीआई अलीगंज में आयोजित हुआ रोजगार मेला

मेले में दूसरे दिन 4 कम्पनियों जिसमें सैमसंग इण्डिया इलैक्ट्रानिक्स, औडाज़ वेंचर्स, वीविन लि. और सुजलान एनर्जी ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किए। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि मेले में 55 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 35 अर्ह पाए गए और सैमसंग इण्डिया द्वारा सात्क्षात्कार के उपरान्त 17 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में मकबूल कादिर, जेड रहमान, क्षेत्रिय सेवायोजन कार्यालय एवं ग्रे सिम फाउंडेशन ने सहयोग किया गया।



गुरुद्वारा नाका हिंडोला में सुखमनी साहिब का पाठ करते धर्मगुरु।

### श्रद्धा व सत्कार से मनाया गुरु हरगोबिन्द सिंह का प्रकाश पर्व

अमृत विचार, लखनऊ : गुरुद्वारा नाका हिंडोला में गुरुवार को गुरु हरगोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा व सत्कार से मनाया गया। विशेष दीवान सुबह 6 बजे सुखमनी साहिब के पाठ से शुरू हुआ। कीर्तन और गुरमत विचार का सिलसिला पूर्वाह्न 11 बजे तक चला। सिख पंथ के छठे गुरु के जन्मदिवस पर ज्ञानी गुरजिंदर सिंह ने गुरु के बारे में संगत को कथा के दौरान विस्तार से जानकारी दी। हजूरी रागी जत्था राजेंद्र सिंह ने गुरु हरगोबिंद के प्रकाश उत्सव पर कीर्तन से संगत को निहाल किया। कोषाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह बक्शी ने बताया कि यह दिन सिख समुदाय में धार्मिक उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। पंज प्यारे पंज पीर छठम पीर बैठा गुरु भाई। अर्जन काया पलट के मूरत हरगोबिंद सवाई। चली पिडी सोधियां रूप दिखावन वरों वारी। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु सिंह सभा के प्रधान डॉ. अमरजोत सिंह ने आई हुई संगत को मीरी पीरी के मालिक गुरु हरगोबिंद के प्रकाश पर्व की बधाई दी।

बुलंद हौसले

प्राइवेट कोचिंग संस्थानों में पढ़ाकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं

# गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ाते हैं पीसीएस की तैयारी कर रहे संदीप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खुद कोचिंग में पढ़ाकर अपना खर्चा पूरा करने वाले संदीप की कहानी भी अनूठी है। पार्क में छोटे-छोटे बच्चों को नशे की जद में आता देख, उनका भविष्य बचाने के लिए वे खुद अकेले ही जुट गए।

मूल रूप से हरदोई के बघौली निवासी संदीप कुमार राठौर लखनऊ के पेपरमिल कॉलोनी में किराए के मकान में रह कर पीसीएस की तैयारी कर रहे हैं। पिता किसान हैं आर्थिक रूप से कमजोर संदीप खुद प्राइवेट कोचिंग संस्थानों में पढ़ाकर वह अपना जीविकोपार्जन करते हैं, लेकिन हौसले इतने बुलंद हैं कि गरीब परिवार के लगभग 80 बच्चों को मुफ्त में पढ़ाते हैं।



लक्ष्मण मेला स्थल में बच्चों को पढ़ाते संदीप कुमार राठौर। अमृत विचार

संदीप ने बताया कि वह वर्ष 2020 में गोमती नदी के किनारे स्थित लक्ष्मण मेला स्थल पर टहल रहे थे तभी देखा कि कुछ लोग छोटे-छोटे बच्चों को नशा करवा रहे थे। जब उन्होंने उन बच्चों के बारे में पता किया तो पाया कि वे बहुत ही गरीब तबके के हैं और उनके माता पिता भी अशिक्षित हैं। जिसकी वजह से यह हो रहा है। तभी उन्होंने ठाना की वे इन बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। वे पेपर मिल, भीखमपुरवा सहित आसपास के क्षेत्र में जाकर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों से मिले और उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करने व विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने लगे।

### पुरानी किताबे मांग कर ले आते हैं

संदीप ने बताया कि बच्चों को वह नि:शुल्क शिक्षा देते हैं। उनके लिए कॉपी-किताबें भी मुहैय्या कराते हैं। इसके लिए वह लोगों के घर जा कर उनके बच्चों की पुरानी किताबे मांग कर ले आते हैं। यहां तक की शहर के कई कबाड़ की दुकानों से भी किताबें खरीद कर लाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पेपरमिल प्राथमिक विद्यालय सहित राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज में अब तक लगभग 50 बच्चों का प्रवेश कराया है। वह रोज दोपहर 1:45 बजे लक्ष्मण मेला स्थल पर पहुंच जाते हैं, और लगभग दो घंटो तक बच्चों को पढ़ाते हैं।

### केवल आश्वासन ही मिला

संदीप ने बताया कि अपनी इस मुहिम को सफल बनाने के लिए कई संस्थाओं और सरकारी अधिकारियों से मिले लेकिन सबने केवल आश्वासन ही दिया। पहले तो बहुत दिक्कत हुई लेकिन बच्चों के भविष्य को नशे के अंधकार फंसता देख उन्होंने हार नहीं मानी। जैसे तैसे दोस्तों मदद लेकर लगातार प्रयास कर रहे है। उनका कहना है कि कहने को तो सैंकड़ों संस्थाए गरीबों की मदद के लिए हैं लेकिन हकीकत में कोई करता नहीं।

### किसानों ने समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया

अमृत विचार, लखनऊः भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने इको गार्डन में गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के नाम का ज्ञापन एसीपी को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान प्रसाद यादव और संचालन शारदा प्रसाद रावत ने किया। किसानों ने मांग की कि उप्र के बरेली जिले सहित गन्ना भुगतान शीघ्र दिलाया जाए। बाराबंकी के बुढ़वल चीनी मिल को चालू किया जाए साथ ही अलीगढ़ में नयी चीनी मिल बनाई जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह, महेन्द्र पाल गंगवार, सुरेश कुमार राजपूत सहित कई किसान उपस्थित रहे।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण पहल

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन (गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंध: भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैं: पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता है: भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।


व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उम्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी शृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### बीकॉम, बीबीए छठे सेमेस्टर का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों के सम सेमेस्टर 2025 परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। नई शिक्षा नीति के तहत बीकॉम कामर्स, बीबीए मैनेजमेंट, बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस, बीबीए मैनेजमेंट साइंस के छठे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सेल में दो शिक्षक बने समन्वयक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय सेल में दो शिक्षकों को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। निदेशक प्रो. आरपी सिंह की संस्तुति पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंजूरी दी है। इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया। इनकी नियुक्ति अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेगी। यह अपने विभागीय कार्यों के साथ यह अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाएंगे। कुलसचिव की ओर से जारी आदेश में इंजीनियरिंग संकाय के डॉ. हिमांशु पांडेय और वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ. आदित्य आभा सिंह को समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### शिक्षामित्रों का प्रदर्शन तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** समर कैंप समाप्त होने के बाद से प्रदेश भर से शिक्षामित्र इको गार्डन पहुंच रहे हैं। शिक्षामित्र स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले 17 दिनों से लगातार तपती गर्मी में धरना दे रहें है। शिक्षामित्रों की भीषण गर्मी के कारण तबीयत भी खराब हो रहीं है लेकिन शिक्षामित्र अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। शिक्षामित्र गुड्डू ने कहा कि हम लोगों को मात्र 10 हजार वेतन मिल रहा है वह भी सिर्फ 11 महीने का। जून महीने का वेतन नहीं मिलता है। 10 हजार रुपए में परिवार का पेट पालना बेहद मुश्किल हो गया है।

# ब्याज में छूट के साथ छात्र ले सकते शैक्षणिक कर्ज

## बीबीएयू में लागू हुई पीएम विद्यालक्ष्मी योजना, उच्च शिक्षा में वित्तीय लाभ के लिए शुरू हुई योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना लागू की गई है जिससे छात्रों को अपनी फीस जमा करने में पैसों की चिंता नहीं करनी होगी। इस योजना का लाभ उठाकर छात्र-छात्राएं शैक्षणिक ऋण और ब्याज में छूट का लाभ उठा सकते हैं। छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना को लागू किया गया है। जिसे बीबीएयू ने भी अपने विद्यार्थियों के लिए लागू कर दिया है।

इस योजना के अंतर्गत पात्र छात्रों को डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक ऋण, ब्याज में छूट तथा क्रेडिट गारंटी का लाभ दिया जाएगा। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई है ताकि किसी भी छात्र को वित्तीय कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न होना पड़े। योजना के अंतर्गत एक एकीकृत पोर्टल की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से छात्र अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, कोऑपरेटिव बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों एवं निजी बैंकों से शिक्षा ऋण एवं ब्याज सबवेंशन हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**मेरिट और प्रतिस्पर्धा से आए**

**छात्रों को मिलेगी सुविधा :** पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का लाभ केवल उन्हीं छात्रों को दी जाएगी जो खुले प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं या मेरिट के आधार पर विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करते हैं। हालांकि, वे छात्र जो किसी अन्य केंद्र या राज्य सरकार की छात्रवृत्ति, ब्याज सबवेंशन योजना या शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ ले रहे हैं, वे पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाभ के पात्र नहीं होंगे।

विश्वविद्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे इस योजना की जानकारी अपने विभाग के छात्रों तक अवश्य पहुंचाएं। विश्वविद्यालय के एससी, एसटी सेल के माध्यम से इच्छुक छात्र अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा योजना के बारे में अधिक जानकारी वेबसाइट https://pmvidyalakshmi.co.in पर जाकर ले सकते हैं।

**ऐसे करें आवेदन :** इस योजना का लाभ उठाने के लिए छात्र-छात्राओं को https://pmvidyalakshmi.co.in पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके लिए छात्रों को अपने समस्त कागजात और विश्वविद्यालय के प्रमाण पत्र सहित बैंक संबंधित अकाउंट नंबर आदि भी भरना होगा।

### क्या है पीएम विद्यालक्ष्मी योजना

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना एक विशेष शिक्षा ऋण प्रक्रिया है। जो देश के शीर्ष 860 गुणवत्ता वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले मेधावी छात्रों को बिना किसी जमानत या गारंटर के शिक्षा ऋण उपलब्ध कराता है। यह योजना सरल, पारदर्शी, छात्र-अनुकूल और पूरी तरह से डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों के लिए सुलभ है।

### पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का उद्देश्य

मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना ताकि कोई भी वित्तीय बाधा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सके। गुणवत्ता वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराना। इस योजना में किसी भी गारंटर की आवश्यकता नहीं होती और 8 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्रों के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट मिलेगा। जबकि 7.5 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी होगी।

छात्रों के लिए यह सुविधा केंद्र सरकार की ओर से आरंभ की गई है। जिसका लाभ बीबीएयू के छात्र-छात्राएं उठा सकते हैं। छात्रों को शैक्षणिक शुल्क आदि जमा करने में परेशानी न हो इसके लिए यह बेहतर योजना है।

**-प्रो. आरके मित्तल, कुलपति, बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विवि**

## तीन वर्ष बाद भी नहीं हो पाई शिक्षकों की भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी माध्यमिक स्कूलों में टीजीटी और पीजीटी के 4163 पदों पर भर्ती की लिखित परीक्षा की तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है। दोनों पदों के लिये प्रदेश भर के करीब 12 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री मिथिलेश पाण्डेय का कहना है शिक्षक भर्ती की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को दी गयी है। आयोग के गठन के दो वर्ष भर बाद भी लिखित परीक्षा की तारीखें जारी नहीं की गईं हैं। अभ्यर्थी आयोग के चक्कर लगा रहे हैं। संगठन मांग करता है कि जल्द परीक्षा कराकर शिक्षकों की भर्ती की जाए। ताकि स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो सके। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) के महामंत्री आशीष कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कला, वाणिज्य और विज्ञान वर्ग के करीब 25 हजार शिक्षकों की कमी है। वर्ष 2022 में निकली शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई। आवदेन करने के बाद परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं में घोर निराशा है।

# शिक्षण संस्थानों की होगी जियो टैगिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ लोकेशन के सहारे औचक निरीक्षण कर जान सकेंगे हकीकत**

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग सभी शिक्षण संस्थानों की जियो टैगिंग कराने की तैयारी कर रहा ताकि उनकी सटीक जानकारी मिल सके। छात्रवृत्ति और शुल्क भरपाई योजना में इसे अनिवार्य किया जाएगा। छात्रवृत्ति के पोर्टल पर यह पता रहेगा कि लाभ लेने वाले विद्यार्थियों का शिक्षण संस्थान किस अक्षांश व देशांतर पर स्थित है। कभी भी अधिकारी उस लोकेशन के सहारे औचक निरीक्षण करके यह पता कर सकेंगे कि संस्थान वास्तव में चल भी रहा है या नहीं। साथ ही विद्यार्थियों के डाटा में अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री) आईडी भी शामिल होगी।प्रदेश सरकार ढाई लाख रुपये तक आय वाले एससी-एसटी परिवारों के विद्यार्थियों और दो लाख रुपये तक आय वाले अन्य वर्गों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति के साथ शुल्क भरपाई की सुविधा देती है। हर साल 50 लाख से ज्यादा विद्यार्थी इस योजना का लाभ पाते हैं। इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत सभी शिक्षण संस्थानों की जियो टैगिंग कराई जाएगी।

मालूम हो कि केंद्र सरकार प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक यूनिक नंबर देती है, जिसे अपार आईडी कहा जाता है। छात्रवृत्ति के पोर्टल पर भी इस अपार आईडी का एक कॉलम होगा। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में इसे अनिवार्य नहीं किया जाएगा, क्योंकि संस्थानों के रिकॉर्ड और आधार कार्ड में विद्यार्थियों की जन्मतिथि में अंतर है। इसलिए उनकी अपार आईडी बनाने में दिक्कतें आ रही हैं।

## सार-संक्षेप

### पुनर्वास विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पीएचडी एडमिशन के प्रथम चरण की प्रक्रिया 10 व 11 जून को प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित सभागार में विभागवार संपन्न हुई। इस में विभिन्न विभागों के पीएचडी शोध हेतु चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश संपन्न हुए। अंग्रेजी विभाग में 6 रिक्त सीट के सापेक्ष 6 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। कंप्यूटर साइंस विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। विशेष शिक्षा (श्रवण बाधित) विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। वाणिज्य विभाग में 1 रिक्त सीट के सापेक्ष 1 विद्यार्थी ने प्रवेश लिया। मैनेजमेंट विभाग में 5 रिक्त सीट के सापेक्ष 4 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। राजनीति शास्त्र विभाग में 9 रिक्त सीट के सापेक्ष 8 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। स्टेटिस्टिक्स विभाग में 2 रिक्त सीट के सापेक्ष 2 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि जल्दी ही काउंसलिंग की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

### बॉडी मास इंडेक्स टेस्ट का कुलपति ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स टेस्ट) शिविर और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श का उद्घाटन कुलपति आचार्य संजय सिंह ने किया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष यादव व विश्वविद्यालय के चिकित्सक डॉ. राकेश प्रधान के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में गुरुवार को पूर्वाह्न 10 बजे से बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स टेस्ट) शिविर व स्वास्थ्य संबंधी परामर्श का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित सेमिनार हाल में किया गया। विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं प्रशिक्षण जैसे रक्तचाप हृदय रोग, मधुमेह एवं मोटापा आदि संबंधी रोग के परामर्श एवं निदान के लिए शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवा से लाभान्वित हुए।

### एकेटीयू में बीटेक दाखिले के लिए आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षिक सत्र 2025-26 से बीटेक की पढ़ाई शुरू होगी। जिसमें दाखिले के लिए आवेदन की शुरू हो गए हैं। अभ्यर्थी एकेटीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) के लिंक पर क्लिक कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। चार स्ट्रीम में शुरू होने वाले बीटेक पाठ्यक्रम में जेईई मेंस की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के साथ ही 12वीं पास अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं। इसके लिए उन्हें यूपीटीएसी वेबसाइट पर जाकर सीधे दाखिले (नॉट अपीयर्ड इन जेईई मेंस अथवा सीयूईटी यूजी 2025) विकल्प पर क्लिक करना होगा।

### लविवि शैव दर्शन की पढ़ाई का एकमात्र केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैव दर्शन की पढ़ाई कराने वाला दुनिया का इकलौता संस्थान व संकाय है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में अभिनवगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स एंड शैव फिलॉसफी की स्थापना की गई थी। जहां तंत्रागम, ऐस्थेटिक्स, शैव फिलॉसफी तथा अभिनवन स्टडीज आदि में शोध और उच्च अध्ययन के लिए यूजीसी सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के रूप में इसे स्थापित किया गया था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सितम्बर 2021 में इसे अभिनवगुप्त संकाय के रूप में उच्चीकृत कर दिया था। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल संकायाध्यक्ष प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने बताया कि नाट्यशास्त्र को हाल ही में यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर भारतीय के लिए वैश्विक गर्व का क्षण बताया था। अभिनवगुप्त नाट्यशास्त्र के एकमात्र सर्वमान्य भाष्यकार आचार्य हैं।

### इंटर के बाद कॅरियर की चिंता दूर करेगा एलपीयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद कॅरियर और अच्छी जगह पढ़ाई करने की चिंता सताती है। जिसे अब एलपीयू दूर करेगी। इसके लिए आज विश्वविद्यालय ने अपने लखनऊ कार्यालय का उद्घाटन किया जो कपूरथला चौराहे पर स्थित है। जहां पर विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन और कॅरियर के लिए तैयार किया जाएगा। लखनऊ कार्यालय का उद्घाटन सीबीएसई के कोआर्डिनेटर डॉ. आरपी सिंह ने फीता काटकर किया। उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रो. दीपक उपाध्याय ने बताया कि यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट सहित 100 से अधिक कोर्स संचालित है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद छात्र-छात्राओं को पंजाब स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भेजा जाएगा।



कार्यालय उद्घाटन करते डीन डॉ. शेखर वर्मा। अमृत विचार

# 75 से ज्यादा नम्बर लाने वालों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ एमएच चैरिटेबल ट्रस्ट ने छोटे इमामबाड़े में किया सम्मान समारोह**

**अमृत विचार :** एमएच चैरिटेबल ट्रस्ट ने छोटे इमामबाड़े में हाल ही में सम्पन्न बोर्ड परीक्षाओं में 75 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। ट्रस्ट के चेयरमैन मोहम्मद एबाद की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों को सम्मान पत्र और शील्ड के साथ-साथ विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षिक पुरस्कारों से नवाज़ा गया। जिनमें सर सैयद अहमद खां अवार्ड, मौलाना कल्बे सादिक अवार्ड, मौलाना गुलाम असकरी अवार्ड, डॉ. ज़ाकिर हुसैन अवार्ड और अबुल कलाम आज़ाद अवार्ड शामिल हैं।

इन पुरस्कारों के माध्यम से ट्रस्ट ने न केवल छात्रों की मेहनत का सम्मान किया बल्कि उन्हें इन महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया। मोहम्मद एबाद ने इस मौके पर कहा कि एमएच चैरिटेबल ट्रस्ट शिक्षा के प्रसार और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कोशिश कर रहा है।

## प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित

**अमृत विचार लखनऊ :** क्षेत्रीय इतिहास संकलन एवं लेखन अभियान शाखा जनपद बिजनौर की ओर से बुद्धवार की शाम को सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल निकट विधानसभा लखनऊ हजरतगंज के प्रांगण में जिला बिजनौर के कुछ विशिष्ट प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर तीरन्दाजी में चौम्पियन प्रदर्शन हेतु कु. निष्ठा गुप्ता को, राष्ट्रीय स्तर पर खो खो में पवन कुमार को वेटलिफ्टिंग में सौगात कुमार को तथा सी बी एस ई बोर्ड 12 वीं में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरी रैंक लाने के लिए अदिति भारद्वाज को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय इतिहास संकलन एवं लेखन अभियान के संस्थापक व संयोजक इंजीनियर हेमन्त कुमार फीना बिजनौर संस्थापक सदस्य मिर्जापुर से इंजीनियर गुरुप्रसाद बांदा से इंजीनियर योगेंद्र बाबू सिंह ने बच्चों को माल्यार्पण अंग वस्त्र तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया। ग्राम फीना निवासी और जे के जी इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर गाज़ियाबाद की छात्रा अदिति ने बताया कि वह सी ए बनना चाहती है इस पर अभियान के संयोजन हेमन्त कुमार ने स्नातक के बाद सिविल सर्विसेस की तैयारी के लिए प्रेरित किया। ग्राम शादीपुर निवासी कुव निष्ठा गुप्ता,फजलपुर निवासी सौगात कुमार, अमरोहा के निवासी जिमनास्ट शवाब अली सम्मानित किया गया। इस मौके पर उक्त के अलावा कुशल गर्ग अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे। ये बच्चे लखनऊ में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किये जाने के लिए बुलाये गए थे।

# परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश बढ़ाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी (हीटवेव) को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश बढ़ाया जाए। यह मांग करते हुए प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन ने अपर मुख्य सचिव शिक्षा और शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है।

संगठन के अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी (हीटवेव) का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है, जिसके कारण जन मानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और विभागीय आदेशानुसार आगामी 16 जून समस्त परिषदीय विद्यालय खुलने है।

ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती होती है, भीषण गर्मी के समय में विद्यालय खोलने से शिक्षकों और छात्रों के स्वास्थ्य पर बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। छात्रों और शिक्षकों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत ही गर्मी की छुट्टियां दी जाती है, ऐसे में इस प्रतिकूल मौसम में विद्यालय खोला जाना अव्यवहारिक है, और किसी भी स्थित में उचित नहीं है।

# सूर्य नमस्कार का विश्व रिकॉर्ड बनाने को लविवि तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने इसबार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्यनमस्कार का विश्व रिकार्ड कायम करने का लक्ष्य तय किया है। जिसके लिए विश्वविद्यालय ने आसपास के जिलों में अपने सहयुक्त सभी महाविद्यालयों को दिशानिर्देश जारी करते हुए नोडल अधिकारी तय कर दिया है। दिशानिर्देश के अनुसार प्रत्येक छात्र-छात्रा व शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कम से कम 11 बार सूर्यनमस्कार करना अनिवार्य है। जिसकी वीडियो रिकार्डिग और ड्रोन फोटोग्राफी भी की जाएगी।

सहयुक्त महाविद्या में भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम आयुष मंत्रालय की ओर से जारी किए गए योग प्रोटोकाल के तहत सुबह 7 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद कुलाधिपति राज्यपाल का संदेश सबको सुनाया जाएगा। इस आयोजन की जियोफोटोग्राफ एवं वीडियो रिकार्डिंग कराई जाएगी।

# अनापत्ति प्रमाणपत्र को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद सख्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के स्थानांतरण में अनापत्ति प्रमाणपत्र के नाम पर उगाही का मामला माध्यमिक शिक्षा परिषद सख्त हो गया है। शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को ऐसे मामले मिलने पर दोषी संस्थाओं के अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।प्रदेश सरकार ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण का निर्देश दिया है। स्थानांतरण चाहने वालों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा, इसमें उन्हें पांच विद्यालयों का चयन करने का अवसर दिया गया है। प्रधानाचार्य व शिक्षक जिस विद्यालय से स्थानांतरण चाहते हैं, उन्हें वहां की प्रबंध समिति से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा। जिस संस्था में स्थानांतरण चाहते हैं, उससे अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि विद्यालयों ने अपने यहां खाली पदों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। इसके बाद भी जिलों में प्रबंध समितियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के बदले शिक्षकों से लाखों रुपये वसूलने की शिकायत लखनऊ व प्रयागराज में शिक्षा अधिकारियों के पास पहुंची है।

## वर्ग पहेली- 460

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।

5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।

6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता

7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।

2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।

3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम; किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।

5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।

6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 7 | |

### वर्ग पहेली -459 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रें | क |

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-15.18 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढा 11.21 तक तत्पश्चात उत्तराषाढा।

**मेष:** आज धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिंता अवश्य रहेगी। जीवनसाथी का भाग्य आपका काफी सहयोग करेगा।

**वृष:** आज भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इसीलिए आज कोई नया काम न करें। आपको कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट को लेकर काफी परेशान होना पड़ सकता है। हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। अध्यात्मिक चिन्तन के लिए दिन काफी उपयुक्त है।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लंबी दूरी की यात्रा के लिए जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है। सोशल मीडिया में आप गम्भीर मुद्दों पर आपनी राय रख सकते हैं।

**कर्क:** आज अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे। आज किसी को भी धन उधार न दें वरना वापस मिलने में समस्या होगी।

**सिंह:** आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी समस्या होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस के वातावरण में सुकून रहेगा।

**कन्या:** आज क्रोध के कारण आपके नजदीकी संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा। पुराने रोग दोबारा उभरने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो आपके स्वाभिमान को चोट करता हो। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में राजनीति का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों को परिवार की स्वीकृति मिलने की संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के नये विकल्प आपके सामने आयेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। महिलाओं को गले में खराश की समस्या हो सकती है। आज आपका मन थोड़ा उदास रहेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**धनु:** आज कई दिनों से रुका हुआ कार्य प्रारम्भ हो सकता है। व्यापार में आ रही समस्याओं को दूर करने में सफल रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों का काफी अच्छी तरह से उपयोग कर पायेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की सलाह से लाभ होगा।

**मकर:** आज अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियां कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। जॉब में आपको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेट में रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करवा सकते हैं। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबारियों को अचानक बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना है।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं की पहचान होगी। लोग आपके विचारों को काफी अहमियत देंगे। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

## एक नजर

### रिटायर्ड प्लाटून कमांडर के बेटे ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, आशियाना :** थाना क्षेत्र के रुचि खंड-2 में पीएसी के रिटायर्ड प्लाटून कमांडर के बेटे ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। बंगला बाजार चौकी प्रभारी गणेश कुमार ने बताया कि रुचि खंड-2 निवासी रिटायर्ड पीएसी प्लाटून कमांडर राम प्रकाश सिंह के बेटे सुजय सिंह (24) ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजन ने बताया कि सुजय कुछ दिनों पहले दूध डेयरी का काम करता था। परिवार में भतीजे की मौत से सुजय काफी परेशान रहता था। बुधवार रात 10:30 बजे भाई निर्भय कमरे में पहुंचा तो सुजय दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### गोमती में मिला रिटायर्ड प्रबंधक का शव

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना सेक्टर-एच निवासी रामकृपाल गुप्ता (62) का शव गुरुवार को खाटू श्याम मंदिर के पास गोमती नदी में उतराता मिला। वह बुधवार शाम से लापता थे। परिजन ने आशियाना थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक रामकृपाल खादी ग्रामोद्योग से रिटायर शाखा प्रबंधक थे।

### सर्विस सेंटर से बुलेट चोरी रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट कोतवाली में मोटर शोरूम के कर्मचारी ने सर्विस सेंटर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित का आरोप है कि उसने सर्विसिंग के लिए बुलेट बाइक दी थी। जो सर्विस सेंटर से गायब हो गई। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गहमरकुंज निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह आनंद मोटर्स में काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को उन्होंने शोरूम के पास ही सर्विस सेंटर पर अपनी बुलेट बाइक दी थी। सोमवार की शाम ड्यूटी से लौटते वक्त धीरेंद्र ने सर्विस सेंटर पहुंचा। बाइक के बारे में बदरुद्दीन से कई बार पूछने पर वह चुप रहा। सर्विस सेंटर में छानबीन करने के बाद भी बाइक कहीं नजर नहीं आई। इस बात का विरोध करने पर बदरुद्दीन ने धीरेंद्र को धमकाया। पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# लापता दो छात्रों के शव सई नदी में उतराते मिले

## बुधवार घर से निकले थे, रात में परिजन ने पुलिस संग की थी खोजबीन, नहाने के दौरान डूबने की आशंका

संवाददाता, मोहनलालगंज


शिवा साहू और आदर्श उर्फ रौनक (फाइल फोटो)। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उन्नाव के जबरैला गांव के रहने वाले कक्षा-9 के दो छात्रों के शव गुरुवार सुबह मोहनलालगंज क्षेत्र में सई नदी में उतराते मिले। दोनों दोस्त बुधवार सुबह घर से निकले थे। वापस नहीं लौटने पर परिजन ने रात भर खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। मृतक किशोर की बहन ने हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका जताई है।

जबरैला गांव के अयोध्या प्रसाद उर्फ लाला का बेटा शिवा साहू (15) और पड़ोसी गोविन्द प्रसाद राजपूत का बेटा आदर्श उर्फ रौनक (15) बुधवार सुबह घर से निकले थे। आदर्श के ताऊ विजय कुमार ने बताया कि दोनों दोस्त गांव के लगभग एक दर्जन अन्य लड़कों के साथ नदी पर बने पुल के पास नहा रहे थे। उस समय वह वहीं पास में भैंस चरा रहे थे। दोपहर में वह भैंसों को लेकर वापस आ गए लेकिन शाम तक बच्चे घर नहीं लौटे। परेशान परिजन ने उन्नाव में असोहा पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों के साथ रात 2:30 बजे तक नदी से लेकर सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह कुछ लोग सई नदी किनारे शौच के लिए निकले थे। नदी के तट पर किशोरों के कपड़े और चप्पल रखे हुए थे। कुछ ही दूरी पर लखनऊ-उन्नाव बॉर्डर स्थित साहू कॉलोनी के पास नदी में दोनों के शव उतरा रहे थे। घटना स्थल मोहनलालगंज होने के चलते पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि आदर्श का पोस्टमार्टम हुआ है। जिसमें डूबने से मौत होने की बात सामने आई है। वहीं, शिवा का पोस्टमार्टम शुक्रवार को होगा।

### बहन ने जताई हत्या की आशंका

मृतक आदर्श उर्फ रौनक की बड़ी बहन लक्ष्मी व मां प्रेमादेवी ने बताया कि जिस जगह बच्चों के शव मिले उस जगह पानी डूबने लायक नहीं है। जबरैला गांव से घटनास्थल करीब एक किलोमीटर दूर है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बुधवार को गांव के दूसरे बच्चे नदी के दूसरे छोर पर करीब 500 मीटर दूर नहा रहे थे। शव पानी के बहाव की उल्टी दिशा में पाया गया। बहन ने कहा कि उसके भाई की हत्या की गई है।

### दो दिन पूर्व पुणे से आया था शिवा

परिजन ने बताया कि शिवा की मां विनीता की लगभग एक वर्ष पहले मौत हो चुकी है। घर में पिता लाला उर्फ अयोध्या के साथ छोटा भाई आरुष व बहन विधि है। करीब दो माह पहले शिवा पुणे में रह रहे अपने चाचा सोनू के पास गया था। मंगलवार को ही वह पुणे से वापस घर लौटा था।

# घर में मिला रेस्टोरेंट कर्मी का दो दिन पुराना शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

**अमृत विचार :** बीकेटी थाना क्षेत्र के ग्राम कठवारा के दक्षिण टोला मोहल्ले में सुबह एक व्यक्ति का शव घर में बेड पर पड़ा मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने फील्ड यूनिट के साथ मौके पर जांच की। शव की पहचान राजेश गौतम उर्फ टोर्रा (43) के रूप में हुई। मृतक के परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे, एसीपी अमोल मुरकुट ने भी मौके पर जांच पड़ताल की। भीषण गर्मी में घर से लेकर बाहर तक दुर्गंध फैल रही थी। जिससे अंदाजा लगाया गया कि लाश दो दिन की है। ग्रामीणों ने बताया कि राजेश चंद्रिका देवी मेले में अनुज कश्यप के रेस्टोरेंट पर काम करता था। 10 जून को वह मेला और शाम को गांव में देखा गया। ग्रामीणों ने बताया, वह दिन से ही शराब के नशे में रहता था। सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र से उसका विवाह हुआ था। करीब 20 वर्ष पहले पत्नी से अलगाव हो गया था। पुलिस ने मोहल्ले के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांच रही है। मोहल्ले वालों ने आशंका जताई कि भीषण गर्मी में शराब पीने से उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# चालक को पिकअप ने रौंदा, मौत

## 200 मीटर तक घिसटा, शरीर हुआ क्षत-विक्षत, आरोपी पिकअप चालक पकड़ा गया

संवाददाता, मलिहाबाद


मोफीद

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मिर्जागंज चौराहे पर गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। सड़क किनारे डीसीएम पर आम लोड करवा रहे चालक मोफीद अहमद को बेकाबू पिकअप ने रौंद दिया। हादसे में चालक पिकअप में फंसकर 200 मीटर तक घिसटता चला गया। जिससे शरीर क्षत-विक्षत हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों ने घेरकर पिकअप को रोका और चालक को पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमेठी जिले के शुक्ल बाजार स्थित मर्दानपुर गांव निवासी चालक मोफीद अहमद तड़के करीब 5 बजे मिर्जागंज चौराहे पर डीसीएम खड़ी कर आम लोड करवा रहा था। इंस्पेक्टर मलिहाबाद बैजनाथ सिंह ने बताया कि इसी दौरान बेकाबू पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेज से शिनाख्त कर परिजन को सूचना दी। पत्नी नसीमा बानो ने बताया कि मोफीद मलिहाबाद आढ़त से डीसीएम में आम लोड करवा मुंबई जाने वाला था। तभी यह हादसा हुआ।

### नगर निगम के डंपर की टक्कर से हाईस्कूल छात्र की मौत

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा स्थित हंसखेड़ा इलाके में नगर निगम डंपर ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हाईस्कूल छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रसादी खेड़ा निवासी करन यादव (18) ने इसी साल हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। गुरुवार को वह मोटरसाइकिल से हंसखेड़ा से घर आ रहा था। रास्ते में हंसखेड़ा स्थित 19 मंजिला इमारत के सामने नगर निगम के डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सिर में चोट लगने से करन की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अनियंत्रित कार खाई में गिरी, परिवार चोटिल



**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र के टिकरा गांव के पास स्टेयरिंग फेल होने पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिरकर पलट गयी। हादसे में कार सवार दिलशाद, उनकी पत्नी खालदा और बेटा मामूली रूप से चोटिल हो गए। परिवार मोहनलालगंज के कनकहा का रहने वाला है। एसओ अनुज तिवारी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद परिवार को घर भेज दिया गया है। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब परिवार रायबरेली से मोहनलालगंज आ रहा था।

### सड़क पर बेहोश मिला मजदूर, अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद स्थित माल-गहदो मार्ग पर गुरुवार दोपहर बेहोश मिले मजदूर अशोक कुमार (32) की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने परिवार को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया हीटवेव से मजदूर की मौत की आशंका जतायी जा रही है। कटरा बंगला गांव निवासी मजदूर अशोक कुमार को वर्ष 2021 में पत्नी कंचना छोड़कर मायके चली गई थी। गुरुवार दोपहर अशोक माल-गहदो मार्ग पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि परिवार ने किसी पर भी आरोप नहीं लगाया है।

# नौकरी का लालच दे बुलाया, किया अगवा, फिरौती वसूलकर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ हुसैनगंज पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार


पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर संपर्क कर बदमाशों ने जिला गाजीपुर के युवक को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लखनऊ बुलाया। उत्सर्ग एक्सप्रेस से ऐशबाग स्टेशन पर उतरते ही उसे अगवा कर लिया। फिर पारा इलाके में एक मकान में बंधक बनाकर पीटा। परिजन को कॉल कर 50 हजार की फिरौती मांगी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने अपहृत के खाते में आए 10 हजार रुपये निकाल कर स्टेशन रोड पर छोड़ दिया। हुसैनगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से फिरौती के करीब साढ़े आठ हजार रुपये व तीन मोबाइल बरामद किए हैं।

मूल रूप से गाजीपुर जिले के कासिमाबाद के गंगौली स्थित ग्राम हसनपुरा निवासी विजय भारती नौकरी की तलाश में था। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवक से संपर्क हुआ। बातचीत में उसने अपना नाम बंटी निवासी बलिया बताया। बोला कि वह लखनऊ में रहकर कपड़े पैक करने वाली फैक्ट्री में नौकरी करता है। पीड़ित ने अपने लिए बात की तो आरोपी ने 15 हजार रुपये प्रतिमाह पर नौकरी दिलाने दिलाने का आश्वासन दिया।

9 जून को विजय ऐशबाग स्टेशन पहुंचा। जहां से एसके यादव बाइक पर बैठाकर उन्हें पारा स्थित एक घर में ले गया। वहां पहले से बंटी मौजूद था। आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ कमरा बंदकर उसे बंधक बनाकर पीटा। विजय को धमकाते हुए 50 हजार की फिरौती मांगी। अपहरणकर्ताओं ने कॉल कर घरवालों को धमकाया कि रुपये नहीं मिले तो विजय को मारकर फेंक देंगे।

परेशान घरवालों ने विजय के मोबाइल पर 10 हजार ट्रांसफर किए। जिसके बाद एसके यादव अपहृत का मोबाइल लेकर गया और जनसेवा केंद्र से 10 हजार निकाले। उसके बाद आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर 11 जून को स्टेशन रोड सीएमएस के पास छोड़कर भाग निकले। पीड़ित राहगीरों से पूछ-पूछकर कोतवाली पहुंचा और शिकायत की। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिसके बाद पुलिस ने संतोष कुमार उर्फ एसके यादव निवासी अयोध्या, बंटी कुमार निवासी भीमपुरा बलिया व प्रवीन कुमार निवासी भागलपुर बिहार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था।

# चश्मदीद बोले, किया गया था हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कमरे में मौजूद मुख्य आयकर आयुक्त समेत दो के लिए गए बयान

▶▶ आरोपी संयुक्त आयुक्त के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटा रही पुलिस

▶▶ आयकर मुख्यालय में आईआरएस अधिकारी पर हमले का मामला

**अमृत विचार :** आयकर मुख्यालय में सहायक आयुक्त गौरव गर्ग पर हमले में हजरतगंज कोतवाली में दर्ज मामले के जांच अधिकारी नरही चौकी प्रभारी ने घटना के चश्मदीद मुख्य आयकर आयुक्त ऋचा रस्तोगी, शौर्य शाश्वत शुक्ला बयान भी दर्ज कर लिए हैं। दोनों अफसरों ने अपने बयान में कहा कि 29 मई की दोपहर करीब 3:30 बजे संयुक्त आयुक्त योगेंद्र मिश्रा गाली-गलौज करते हुए कमरे में घुसे और गौरव गर्ग पर जानलेवा हमला किया था। हमले में गौरव गर्ग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

वहां पर मौजूद अधिकारियों और हाल में मौजूद कर्मचारियों ने संयुक्त आयुक्त को दौड़कर पकड़ा और रोकने का प्रयास किया। इसके बाद भी योगेंद्र मिश्र धक्का देकर गौरव गर्ग को पीटते रहे। नरही चौकी प्रभारी अमित कुमार ने दोनों अधिकारियों के दर्ज बयानों को अपनी केस डायरी में लिख लिया है। इसके साथ ही घटनास्थल पर मौजूद अन्य कर्मचारियों से भी कई बिंदुओं पर पूछताछ की।

पुलिस टीम आयकर मुख्यालय से घटना के दिन के मिले सीसीटीवी फुटेज भी देख रही है। फुटेज के वीडियो से भी पुलिस आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य संकलन कर रही है। पुलिस ने सीसी फुटेज को फॉरेंसिक लैब भी जांच के लिए भेजा है।

# अंसल ने ऐंठे 5.63 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ शापिंग काम्प्लेक्स में दुकान का झांसा देकर की धोखाधड़ी

▶▶ 14 साल बाद भी पीड़ित को नहीं मिला कब्जा

▶▶ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** हाईटेक टाउनशिप के नाम पर अरबों रुपये का फर्जीवाड़ा करने वाली अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ एक और पीड़ित ने करीब 5.63 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि कंपनी की शॉपिंग काम्प्लेक्स योजना में दुकान बुक कराकर पीड़ित से रुपये लिए गए, लेकिन 14 साल बाद भी कब्जा नहीं मिला। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने निदेशक प्रणव अंसल समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आलमबाग के भिलावां निवासी संतोष कुमार कनौजिया ने बताया कि वर्ष 2011 में उनकी मुलाकात अंसल कंपनी के मालिक सुशील और प्रणव अंसल से हुई थी। संतोष ने अंसल के प्रोजेक्ट के तहत सुशांत गोल्फ सिटी में शापिंग स्क्वॉयर योजना में 354 स्क्वॉयर फीट की दुकान बुक करायी थी। दुकान की कीमत 9,22,194 रुपये बतायी गयी थी। एग्रीमेंट के बाद पीड़ित ने एडवांस व ईएमआई पर 5,62,892 रुपये जमा किए थे।

इसके बाद पीड़ित ने अंसल कार्यालय में संपर्क कर कब्जा देने की मांग की तो कर्मचारियों ने आनाकानी की। कहा गया कि शापिंग काम्प्लेक्स का काम चल रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कब्जा दिया जाएगा। लगातार टालमटोल देख पीड़ित संतोष ने अपने रुपये वापस मांगे तो इंकार कर दिया गया। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### छात्रा को छत से फेंकने वाले सिपाही को भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में छेड़छाड़ के विरोध में कक्षा-9 की छात्रा को छत से धक्का देने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सिपाही मुकेश को गुरुवार को जेल भेज दिया। महिला पुलिस ने गुरुवार को लोहिया अस्पताल में भर्ती पीड़िता के बयान दर्ज किए।

इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि पीड़िता की हालत में सुधार होते ही उसके न्यायिक अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे। अस्पताल में भर्ती किशोरी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच अधिकारी उस मकान में रहने वाले अन्य लोगों के भी बयान दर्ज करेंगे। वहीं, आरोपी सिपाही मुकेश की पत्नी कुमकुम ने भी किशोरी पर आरोप लगाया है कि उसने झगड़े के दौरान उनके हाथ में काट लिया था। कुमकुम ने इस संबंध में तहरीर दी भी है। बुधवार को छात्रा की मां की तहरीर पर सिपाही मुकेश, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ जानलेवा हमला, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# चोरी के आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली, गिरफ्तार

संवाददाता, काकोरी


आरोपी करन

**अमृत विचार :** पारा के बीबीखेड़ा में गुरुवार रात पुलिस ने मुठभेड़ में चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने बुधवार को क्राइम ब्रांच में तैनात सिपाही के घर में चोरी करते हुए सर्विस पिस्टल व गहने चोरी किए थे। वारदात के दौरान आरोपी की सीसी फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन की थी। जिसके बाद आरोपी पकड़ा गया।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि क्राइम ब्रांच में तैनात सिपाही वीर सिंह के बीबीखेड़ा स्थित मकान में चोरी की वारदात हुई थी। सिपाही वीर सिंह बुधवार सुबह करीब 11 बजे परिवार संग मंदिर गए थे। कुछ देर बाद वापस आने पर ताले टूटे मिले। अलमारी में रखी सिपाही की सर्विस पिस्टल, जेवर और नकदी गायब थी। इस वारदात में शामिल चोर की तलाश के लिए सीसी फुटेज देखे गए।

जिसकी मदद से संदिग्ध की पहचान हुई। गुरुवार रात रेलवे लाइन किनारे संदिग्ध नजर आया। जिसे सिपाहियों ने रुकने का इशारा किया। इस बीच आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में पुलिस की तरफ से फायरिंग हुई। जिसमें पैर में गोली लगने से गोसाईंगंज के मातनटोला निवासी करन वर्मा घायल हो गया। आरोपी के पास से चोरी की सर्विस पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस आरोपी के साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## सार-संक्षेप

### 11 वर्ष से फरार 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल बदमाश को 11 वर्ष बाद गिरफ्तार किया है। दो साथियों के पकड़े जाने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। कुर्की की कार्रवाई के बाद भी लुटेरा कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ था। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बल्दीखेड़ा निवासी सत्येंद्र वर्मा के साथ 20 जून 2014 में लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने बाराबंकी लोनी कटरा निवासी तेज नारायण उर्फ ननदुरी और रामविलास को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के साथ जौनपुर सरपतहा निवासी विनोद कुमार मिश्रा भी शामिल था, जो लगातार फरार था। कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर पुलिस ने विनोद के घर कुर्की की कार्रवाई भी की थी। इस बीच आरोपी ने जौनपुर छोड़ दिया। आरोपी पर डीसीपी साउथ ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के बाद विनोद के बारे में सूचना मिली। जिसके आधार पर गुरुवार को तेलीबाग से विनोद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### टहलने निकले युवक पर धारदार हथियार से हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज स्थित गोलागंज में खाना खाने के बाद टहलने निकले युवक पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। खून से लथपथ युवक घर पहुंचा और बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मां की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोलागंज स्थित बारूदखाना निवासी आसमा बानो का बेटा मो. सैफ का बलरामपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आसमा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। सैफ की हालत में सुधार होने के बाद उससे हमलावरों के बारे में जानकारी की जाएगी।

### पुलिसकर्मी बन गारमेंट्स शोरूम पर काटा हंगामा

**अमृत विचार, पीजीआई :** तेलीबाग में कपड़ा व्यवसायी की दुकान पर साड़ी खरीदने आए ग्राहक ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर जमकर हंगामा काटा। यही नहीं दुकानदार से गाली-गलौज करते हुए हमले का प्रयास किया। दुकानदार की शिकायत पर पीजीआई पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। तेलीबाग में व्यवसायी सुभाष चंद्र अग्रवाल का सुभाष क्लॉथ स्टोर के नाम से कपड़े का शोरूम है। सुभाष ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही दुकान का सीसीटीवी फुटेज भी दिया है।

### युवक पर ब्लेड से हमला, दोस्त हिरासत में

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज स्थित बिरहाना पार्क के पास गुरुवार रात युवक पर दोस्त ने ब्लेड से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने भागे रहे आरोपित को पकड़ लिया और जमकर पीटा। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहीं, पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पाण्डेयगंज निवासी सोनी उर्फ सोनू (45) दोस्त श्याम सुंदर के साथ रहता है। गुरुवार को दोनों लोग बिरहाना पार्क के पास थे। वहां किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। विवाद के दौरान श्याम सुंदर ने सोनी पर ब्लेड से गले पर हमला कर दिया। घायल सोनी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### छात्रा को किया ब्लैकमेल, वीडियो व फोटो की वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सआदतगंज में रहने वाली छात्रा का परिचित युवक ने जीना दूभर कर दिया है। दोस्ती तोड़ने पर आरोपी ने छात्रा के घर में घुसकर शादी का दबाव बनाया। इंकार पर वीडियो व फोटो वायरल की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए संबंध बनाने का दबाव बनाया। रात भर हंगामा करने के बाद पीड़ित परिजन ने आरोपी के घरवालों से शिकायत की तो उन्होंने बेटे का पक्ष लिया। यही नहीं आरोपी ने पीड़िता की निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष कुमार आर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### युवक को पीटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज पुलिस ने जूस स्टॉल के पास युवक को पीटकर चेन लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार किये गये। इंस्पेक्टर राजेश सिंह के मुताबिक पकड़े गये बदमाशों में त्रिवेणीनगर निवासी शालू और अभिषेक शामिल है। अलीगंज निवासी अविरल राय मंगलवार दोपहर मदेयगंज के पतौरा के पास जूस पी रहा था। इसी बीच बाइक पर कुछ युवक आकर बैठ गए। अविरल ने साइड स्टैंड पर बाइक खड़े होने के कारण युवकों को हटने के लिए कहा था। इस पर अविरल के साथ मारपीट कर आरोपित चेन लूट कर भाग गए थे। इंस्पेक्टर मदेयगंज ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से त्रिवेणीनगर निवासी शालू और अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है।

# ई-रिक्शा चालक हत्याकांड में दो दोस्त गिरफ्तार

## शादी में थप्पड़ का बदला लेने के लिए रची थी साजिश

संवाददाता, आलमबाग



पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कृष्णानगर से अगवा कर ई-रिक्शा चालक राहुल साहू (24) की हत्या करने के आरोप में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शादी समारोह में हुए झगड़े का बदला लेने के लिए हत्याकांड की पटकथा तैयार की थी। फिर हत्या के बाद शव को पिपरसंड के जंगल में खुदे गड्ढे में डालकर मिट्टी से पाट दिया था। वहीं, मृतक की मां ने बहू के भाई पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। ऐसे में पुलिस अब उनकी भूमिका की भी जांच कर रही है।

एसीपी कृष्णानगर विकास पाण्डेय ने बताया कि अलीनगर सुनहरा निवासी मजदूर सूरज रावत और केशव विहार निवासी ई-रिक्शा चालक सूरज गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी सूरज रावत ने बताया कि 2 जून को सूरज गुप्ता की बहन की शादी थी। शादी में राहुल साहू (24) भी आया था। समारोह के दौरान हुई कहासुनी के दौरान राहुल ने सूरज रावत को मेहमानों के सामने थप्पड़ जड़ दिया था।

इस बेइज्जती का बदला लेने के लिए सूरज रावत काफी गुस्से में था। वहीं, बहन की शादी में हुए झगड़े से दोस्त सूरज गुप्ता भी चिढ़ा हुआ था। इसके बाद सूरज रावत व सूरज गुप्ता ने बदला लेने के लिए राहुल की हत्या की साजिश रची। 8 जून की शाम शराब पार्टी के बहाने से आरोपी पीड़ित ई-रिक्शा चालक राहुल को घर से बुला कर कर ले गए। रास्ते में शराब पिलाई। फिर सूरज रावत और सूरज गुप्ता ने पटरे से पीट कर चालक की हत्या कर दी और शव को पिपरसण्ड के पास गड्ढे में छिपा दिया था। एसीपी ने बताया कि सूरज गुप्ता और सूरज रावत को जेल भेजा गया है। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त पटरा, ई-रिक्शा, बाइक व मोबाइल बरामद हुआ है।

### साले समेत दो की भूमिका की जांच

राहुल साहू की मां सविता ने बेटे के साले गुलशन साहू और उसके दोस्त लवकुश यादव पर भी हत्या में शामिल होने का शक जताया था। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में गुलशन और लवकुश के शामिल होने की बात से इंकार किया है। पुलिस दोनों संदिग्धों की भूमिका के लिए सर्विलांस की मदद ली है। दावा है कि अगर जांच में पर्याप्त सबूत मिले तो उन्हें भी पकड़ा जाएगा।

# छात्र पर धारदार हथियार से हमला, फायरिंग का भी आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस से झगड़े की शिकायत करने पर दबंगों ने भाई के साथ परीक्षा देकर हॉस्टल जा रहे छात्र पर बीबीडी स्थित क्राउन मॉल के पास धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने फायरिंग भी की। जिसमें वे बाल-बाल बच गए। पीड़ित ने पांच नामजद समेत आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

बीबीडी विवि से बीबीए की पढ़ाई कर रहा छात्र अभिषेक कुमार शर्मा साथी अतुल के साथ रघुनंदन आशियाना स्थित निजी हॉस्टल में रहता है। बुधवार रात निहाल नाम के लड़के ने अतुल को फोन कर हॉस्टल के बाहर मिलने के लिए बुलाया था। पहुंचते ही निहाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी थी। अभिषेक ने बताया कि क्राउन मॉल के पास पहुंचते ही, वहां पहले से मौजूद निहाल सिंह, यशराज सिंह, याशिर, गौरव मिश्रा, सक्षम व उसके अन्य साथियों ने रोक लिया। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने धमकाया। इसी बीच एक आरोपी ने तमंचा निकालकर उनपर गोली चला दी। किसी तरह वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद धारदार हथियार से उनपर हमला कर दिया।

## एक नजर

### चोरी की स्पोर्ट्स बाइक संग युवक गिरफ्तार

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज पुलिस ने स्पोर्ट्स बाइक चोरी करने वाले आरोपी को चंद घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि पीड़ित अमित वर्मा ने धरोहर स्थलों पर लोगों की फोटो क्लिक करने का काम करते है। अमित वर्मा ने अपनी स्पोर्ट्स बाइक के साथ आरोपी की फोटो क्लिक कर रहा था। इसी दौरान आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी अरसलान अंसारी उर्फ मिर्जा निवासी मड़ियांव को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली है।

### दूध व्यापारी ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम सेक्टर-5 में दूध व्यापारी अभिषेक (29) ने गुरुवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि हॉस्पिटल से आए मेमो से फांसी लगाने की जानकारी हुई है। परिवार वालों ने अभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पेड़ से लटका मिला टाइल्स कारीगर का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिगवां के हनुमंतपुर में पेड़ से टाइल्स कारीगर रंजीत (23) का शव फंदे से लटकता मिला। हनुमंतपुर निवासी रंजीत शराब पीने का आदी था। एक जून को वह आजमगढ़ से आया था। गांव के बाहर लगे बबूल के पेड़ से रस्सी से फंदे से रंजीत का शव लटकता मिला। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नहर किनारे पड़ा मिला बुजुर्ग, अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र के गिन्दन खेड़ा के पास नहर किनारे बुजुर्ग पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शुरुआती जांच पड़ताल में मृतक विक्षिप्त लग रहा है।

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के कारण अन्याय, अत्याचार हो रहा हैः अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के कारण अन्याय, अत्याचार हो रहा है। वसूली और जमीनों की लूट हो रही है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी की भयंकर स्थिति है। सपा प्रमुख गुरुवार को गोमती नगर के विभूतिखंड स्थित होटल बजट इन के उद्घाटन एवं पुस्तक भेंट कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर होटल के मालिक श्रवण यादव एवं शिवदास रस्तोगी ने अखिलेश यादव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कारोबार लोगों को जोड़ता है। नौकरी और रोजगार देता है लेकिन भाजपा नफरत फैलाने का काम करती है। समाज में दूरी पैदा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है।

# मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, दो गिरफ्तार

## अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के कृपालपुर कंसेरा अंडरपास के नीचे हुई मुठभेड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ एसटीएफ और टप्पल थाने की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** एसटीएफ और अलीगढ़ के टप्पल थाने संयुक्त टीम की कृपालपुर कंसेरा अंडरपास के नीचे बुधवार देर रात को बदमाशों से मुठभेड़ हुई। जिसमें दो बदमाश घायल हो गए। वहीं दो अन्य को टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ एएसपी राकेश के मुताबिक आगरा यूनिट और टप्पल थाने की पुलिस को रात 10:30 बजे सूचना मिली कि कृपालपुर कंसेरा अंडरपास के पास कुछ बदमाश है। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार सवार बदमाशों ने टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी कर जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में दो बदमाश घायल थे, जबकि उनके दो साथी भागने के प्रयास में थे, जिन्हे पुलिस ने दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक एटीएम स्वाइप मशीन से चारों ठगी करते थे। आरोपियों ने आगरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, नोएडा, गाजियाबाद में लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनके एटीएम से रुपये निकाल लेते थे।



अलीगढ़ के टप्पल में मुठभेड़ में पकड़े गये बदमाश। अमृत विचार

### अलीगढ़ और मथुरा के थे इनामी

एएसपी राकेश के मुताबिक घायल बदमाशों में से एक टप्पल के नूरपुर का मुस्तकीम उर्फ मोलम दूसरा पलवल का आजाद है। आजाद पर मथुरा के रिफइनरी थाना से 25 हजार रुपये का इनाम है, जबकि मुस्तकीम अलीगढ़ से 25 हजार और मथुरा रिफाइनरी थाना से 20 हजार का इनामी है। बदमाशों के पैरों में घुटने के नीचे गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं, कुछ देर बाद पुलिस टीम ने फरार दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों में पलवल के घाघौट का असलम और गाजियाबाद के नंदग्राम स्थित अटोर नगला का अमन पाल है। बदमाशों के पास से एक कार, दो तमंचे, कारतूस, चार एटीएम डेबिट कार्ड, चार मोबाइल, एक स्वाइप मशीन बरामद हई है।

# डीसीएम सड़क किनारे खड़े वाहन में भिड़ी, केबिन काटकर चालक को निकाला

संवाददाता, सरोजनीनगर

▶▶ गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती घायल

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मीरानपुर पिनवट गांव के सामने किसान पथ पर बेकाबू डीसीएम सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन में जा भिड़ा। इस हादसे में डीसीएम चालक केबिन के अंदर बुरी तरह फंस गया। सरोजनी नगर फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने डीसीएम का केबिन काटकर चालक को गंभीर हालत में बाहर निकाला और उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है।

एफएसओ सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि हरदोई रोड की तरफ से किसान पथ होते हुए शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी डीसीएम चालक संदीप पाल मीरानपुर पिनवट गांव के सामने किसान पथ से नीचे उतरने लगा। तभी सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन में उसकी डीसीएम पीछे से जा घुसी। इस हादसे में डीसीएम चालक संदीप गाड़ी के केबिन में बुरी तरह फंस गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना के बाद सरोजनी नगर फायर स्टेशन से दमकल कर्मी पहुंचे तो चालक संदीप के पैर डीसीएम की केबिन के अन्दर बुरी तरह फंसे हुए थे। दमकल कर्मियों ने डीसीएम का केबिन काटकर संदीप को बाहर निकाला। फिर एंबुलेंस के जरिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, घटना के बाद अज्ञात वाहन का चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला।

### प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय रेल प्रबंधन सेवा-2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने गुरुवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने भारतीय रेल के विशाल नेटवर्क, उसकी सामाजिक-आर्थिक भूमिका व जनता की सेवा में रेल कर्मियों की जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसके संचालन में पारदर्शिता, समयबद्धता और जनता के प्रति संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने ज्ञान, कौशल और ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें।


राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करते प्रशिक्षु अधिकारी। अमृत विचार

# 38 एफआरयू में रेडियोलॉजिस्ट तैनात मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न जिलों में निष्क्रिय एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) में अल्ट्रासाउंड एवं एलएसएए प्रशिक्षण प्राप्त 38 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने गुरुवार को बताया कि पीएमएस में रेडियोलॉजिस्टों की कमी है, इसलिए एमबीबीएस डॉक्टरों को अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिलाया जाता है।

उक्त क्रम में संभल के असमोली सीएचसी पर तैनात डॉ.संदीप सिंह को जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है। इन्होंने एलएसएएस का प्रशिक्षण लिया है। इसी प्रकार डॉ.अर्चना यादव को बरेली गवेर्मेंट हेल्थ स्कूल से हटाकर संभल के जिला चिकित्सालय में स्थानान्तरित किया गया, इसके अलावा डॉ.उत्कर्ष त्रिपाठी को ललितपुर के सीएचसी मडावरा में तैनात किया गया है। कुल 38 डॉक्टरों को प्रशिक्षण के बाद दूसरे एफआरयू में तैनात किया गया है।

### वित्तीय परामर्श शिविर आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन में गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक प्रदेश सचिवालय शाखा की ओर से एक वित्तीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधुनिक तरीकों, पेंशन योजनाओं व बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय विकल्पों के विषय में जानकारी दी गई।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, करनैलगंज जनपद-गोण्डा।**

पत्रांक- कृ0उ0म0स0/करनै0/ला0नवी0/2025-69 दिनांक- 11.06.2025

**लाइसेंस नवीनीकरण की सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, करनैलगंज जनपद-गोण्डा के परिसर/क्षेत्र में कार्यरत खाद्यान्न/फल/सब्जी के समस्त लाइसेंसी थोक व्यापारी, थोक व्यापारी एवं आढ़तियों, तथा आढ़तियों आदि को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024-25 तक के लिये निर्गत समिति के लाइसेंस की वैद्यता अवधि दिनोंक-30.06.2025 को समाप्त हो रही है। उ0प्र0 कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 एवं तद्अधीन बनायी गयी नियमावली 1965 के प्राविधानानुसार उक्त लाइसेंसों का नवीनीकरण 30 जून 2025 तक प्रत्येक दशा में कराया जाना आवश्यक है।

अतः थोक व्यापार/थोक व्यापार आढ़त/आढ़तिया/एकीकृत आदि निर्दिष्ट कृषि उत्पाद के समस्त लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि अपने लाइसेंस का आगामी कृषि वर्ष 2025-26 के लिये नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रारूप पर सभी प्रविष्टियों को पूर्ण करते हुये दिनाँक 15.06.2025 तक समिति कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। प्रार्थना-पत्रो की जांच दिनाँक 16.06.2025 से 25.06.2025 तक करने पर सही पाये गये प्रार्थना-पत्रों का ई-लाइसेंस शुल्क जमा कर लाइसेंस नवीनीकरण किया जा सकेगा। लाइसेंस नवीनीकरण निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत किया जा सकेगा।

1. प्रार्थना-पत्र पूर्ण रूप से भरा गया हो। (आवश्यक संलग्नकों सहित) और उस पर पासपोर्ट साइज का फोटो लगाया गया हो।
2. कृषि वर्ष 2024-25 की मासिक एवं वार्षिक क्रय-विक्रय विवरणी प्रस्तुत की गयी हों।
3. समस्त देय मण्डी शुल्क, विकास सेस, युजर चार्ज, ब्याज, किराया, प्रीमियम एवं अनादृत चेक, ऑडिट आपत्ति आदि समस्त प्रकार की बकाया धनराशि को जमा कराने के उपरान्त ही लाइसेंस नवीनीकरण किया जाय अन्यथा की स्थिति में लाइसेंस नवीनीकरण पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. विगत 02 वर्षों में कार्य व्यापार किया गया हो का विवरण संलग्न किया गया हो।
5. विगत अवधि में फर्म में हुये परिवर्तन यदि हुआ है का विवरण एवं साक्ष्य प्रस्तुत किया गया हो।
6. व्यापारी द्वारा फर्म का ट्रांसेक्शन जिस खाते से किया जाता है उस बैंक खाते के पासबुक / बैंक स्टेटमेन्ट की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. जिन व्यापारियों द्वारा व्यापार करने हेतु गोदाम/दुकान किराया पर लिया गया हो उसकी वर्तमान तक के एग्रीमेंट की छायाप्रति उपलब्ध होने के उपरान्त ही लाइसेंस नवीनीकरण किया जायेगा।
8. समस्त व्यापारी अपने लाइसेंस नवीनीकरण फार्म के साथ शपथ-पत्र पर मण्डी समिति के 02 नये गारण्टर (लाइसेंस की प्रति तथा आधार कार्ड एवं 01 नग फोटो) का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**नोट-ऐसे लाइसेंस धारक जिनका लाइसेंस 05 वर्ष अथवा आजीवन के लिये बना है उन्हें भी लाइसेंस प्रार्थना-पत्र के साथ समस्त देय/जमा तथा अवशेष का विवरण, मासिक विवरणी एवं परिवर्तन सम्बन्धी सूचना / साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिर्वाय होगा, परन्तु उक्त प्रकरण में लाइसेंस फीस नहीं जमा करना होगा।**

(मुकेश जायसवाल)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
करनैलगंज-गोण्डा।

(भारत)
उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
करनैलगंज-गोण्डा।

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर**

पत्रांक: 83/न0पं0दो0सुल0/2025-26 दिनाक 12/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर में तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने हेतु सिविल ठेकेदारों से दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 04.07.2025 को समय 12:30 तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 04.07.2025 को अपराहन 3:00 बजे नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। 10 प्रतिशत जमानत राशि एफडीआर, टीडीआर, केवीपी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के पक्ष में अनुबन्धित होगी अथवा नगद धनराशि व निविदा शुल्क की नगद धनराशि नगर पंचायत दोस्तपुर के पंजाब नेशनल बैंक शाखा दोस्तपुर के खाता सं0- 8514000100062641 IFSC Code PUNB0851400 में जमा कर बैंक स्लिप टेक्निकल बिड के साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा। टेक्निकल बिड कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर पर रखी सील्ड निविदा पेटिका में दिनांक 04.07.2025 तक समय 12:00 बजे तक डाली जानी आवश्यक होगी।

**निविदा की समय सारणी बेवसाइट etender.up.nic.in पर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | बेवसाइट पर ई-निविदा की तिथि/समय | 13.06.2025 | 10 बजे |
| 02. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 13.06.2025 | 10 बजे |
| 03. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.07.2025 | 12 बजे |
| 04. | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय | 04.07.2025 | 03 बजे |
| 05. | ई-निविदा की वित्तीय बिड खोलने की तिथि/समय | 04.07.2025 | 03 बजे |
| 06. | कार्य के निविदा स्कैन आर्नेस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल प्रति कार्यालय नगर पंचायत मे जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 04.07.2025 | 12 बजे |

निविदा की नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अथवा बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुलतानपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुलतानपुर

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर**

पत्रांक: 79/ न०पं०दो०सुल०/2025-26 दिनांक: 12/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के निम्न विवरण के अनुसार कवर्ड नाला का निर्माण कराये जाने हेतु सिविल ठेकेदारों से दिनांक 13/06/2025 से दिनांक 03/07/2025 को समय 12:30 तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 03/07/2025 को अपराह्न 3:00 बजे नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट *etender.up.nic.in* पर देखी जा सकती है। 02 प्रतिशत जमानत राशि एफडीआर, टीडीआर, केवीपी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के पक्ष में अनुबन्धित होगी अथवा नगद धनराशि व निविदा शुल्क की नगद धनराशि नगर पंचायत दोस्तपुर के पंजाब नेशनल बैंक शाखा दोस्तपुर के खाता सं०- 8514000100062641 IFSC Code PUNB0851400 में जमा कर बैंक स्लिप टेक्निकल बिड के साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा। टेक्निकल बिड कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर पर रखी सील्ड निविदा पेटिका में दिनांक 03/07/2025 तक समय 12:00 बजे तक डाली जानी आवश्यक होगी।

**निविदा की समय सारणी बेवसाइट etender.up.nic.in पर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | बेवसाइट पर ई-निविदा की तिथि/समय | 13.06.2025 | 10.00 बजे. |
| 02. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 13.06.2025 | 10.00 बजे |
| 03. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | 03.07.2025 | 12.00 बजे |
| 04. | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि / समय | 03.07.2025 | 03.00 बजे |
| 05. | ई-निविदा की वित्तीय बिड खोलने की तिथि / समय | 03.07.2025 | 03.00 बजे |
| 06. | कार्य के निविदा स्कैन आर्नेस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल प्रति कार्यालय नगर पंचायत मे जमा करने की अन्तिम तिथि/ समय | 03.07 2025 | 12.00 बजे |

निविदा की नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अथवा बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुल्तानपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुल्तानपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद-चित्रकूट**

पत्र संख्या - 05 / 2025-26/ नामान्तरण/ दिनांक- 11/06/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची के कॉलम नं0-02 में आवेदकों द्वारा भवन के नामान्तरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है, नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) के अन्तर्गत दी गयी व्यवस्था के अनुसार नामान्तरण हेतु प्रस्तुत निम्नांकित भवनों पर नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 30 दिन के भीतर अपनी अपनी आपत्ति मय साक्ष्य सहित नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कार्यालय कर विभाग में लिखित रूप से प्राप्त करा दें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर सम्बन्धित पक्ष की कोई प्रमाणित साक्ष्य सहित आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी भी पक्षकार को उक्त भवसन पर नामान्तरण के सम्बन्ध मे कोई आपत्ति नही है। तदानुसार नगर पालिका द्वारा उक्त भवनों पर नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

**नामान्तरण प्रकाशन सूची**

| क्र0 सं0 | नामान्तरण के लिए प्रार्थी /आवेदक का नाम | भवन सं0 एवं मुहल्ला एवं नामान्तरण के लिए आवेदन किया गया है | नगर पालिका परिषद अभिलेखों में दर्ज भवन स्वामी/अध्यासी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्रीमती शशिप्रभा पत्नी स्व0 सत्यनारायण | 32/139 बल्दाऊगंज कर्वी वार्ड नं0 23 | सत्यनारायण पुत्र बल्लूराम | नाम संशोधन |
| 2 | श्रीमती स्नेहलता मिश्रा पत्नी संजय कुमार मिश्रा | कुबेरगंज कर्वी वार्ड नं0 17 | नया भवन | रजि0 बैनामा |
| 3 | श्रीमती रूबी अली पत्नी सैयद सिराज अली | द्वारिकापुरी कर्वी वार्ड नं0 18 | नया भवन | रजि0 बैनामा |
| 4 | श्रीमती शालिनी पाण्डेय पत्नी त्रिवेणीदत्त पाण्डेय व मनोज तिवारी पुत्र स्व0 विजयशंकर तिवारी | 140/160 तीर्थराजपुरी कर्वी वार्ड नं0 09 | लखन लाल पुत्र बसंतलाल व सीता देवी पत्नी स्व0 मनोहर लाल व नीरज नारायण, धीर नारायण, पंकज नारायण, रोहित नारायण पुत्रगण मनोहर लाल | रजि0 वसी0 |
| 5 | श्री संतोष कुमार पुत्र दरबारी लाल | 373/235 कुबेरगंज कर्वी वार्ड नं0 17 | प्रताप नारायन, संतोष कुमार पुत्रगण दरबारी लाल | रजि0 दान जुज भाग |
| 6 | श्री हेमराज सिंह पुत्र धर्मराज सिंह व हेमलता पत्नी हेमराज सिंह | 324/0 लक्ष्मणपुरी कर्वी वार्ड नं0 08 | रामकृष्ण सिंह पुत्र रामपाल सिंह | रजि0 बैनामा |
| 7 | श्री मो0 हलीम पुत्र खलील | 203/170 गोपालकुंज कर्वी वार्डनं0 16 | मुसमात फात्मा पुत्री रमजान | वरासतन |
| 8 | श्रीमती कमला गुप्ता पत्नी स्व0 मोहनलाल गुप्ता | शंकरगंज कर्वी वार्ड नं0 14 | नया भवन | रजि0 बैनामा |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।



कुलदीप यादव

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

**बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी**



● भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दी सलाह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।

### चोटिल शुचि की जगह इंग्लैंड दौरे की महिला टीम में राधा को मिली जगह

**मुंबई :** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए बृहस्पतिवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया। महिला टीम का दौरा 28 जून को नॉटिंघम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच चार जुलाई को ओवल में, चौथा मैच नौ जुलाई को मैनचेस्टर में और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में होगा। तीन वनडे मैच क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को साउथम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन



**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।

# डब्ल्यूटीसी का दूसरा दिन भी गेंदबाजों के नाम

**लंदन, एजेंसी**

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को गेंदबाजों ने दबदबा बनाया। पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा ने अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस ने 6/28 का शानदार प्रदर्शन किया।

लॉर्ड्स में टेस्ट कप्तान के तौर पर यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 212 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम महज 138 रन पर ढेर हो गई। इस तरह से उनकी टीम को 74 रन की बढ़त मिल गई। कमिंस ने 14वीं बार पांच विकेट लिए। इस तरह से वह टेस्ट कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। इस मामले में बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गज शामिल हैं। एक समय ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया ने मैच को अपनी गिरफ्त में लिया है, तब रबाडा और लुंगी एनगिडी की अगुआई में दक्षिण अफ्रीकी तेज़ गेंदबाज़ों ने फिर से मुक़ाबले को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। रबाडा और एनगिडी ने मिलकर छह विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक अपनी दूसरी पारी में 144/8 रन बना लिए। मिशेल स्टार्क (16) और नाथन लियोन एक रन बना कर क्रीज़ पर थे। 218 रनों की मामूली बढ़त और सिर्फ़ दो विकेट के साथ, ऑस्ट्रेलियाई टीम उम्मीद करेगी कि तीसरे दिन उनकी पुछल्ले बल्लेबाज़ बढ़त को और बढ़ा सकें, जबकि प्रोटियाज़ की नज़र डब्ल्यूटीसी गदा हासिल करने के लिए एक लक्ष्य का पीछा करने पर होगी। दक्षिण अफ्रीका लगातार सात टेस्ट जीतकर फाइनल में पहुंचा है जबकि ऑस्ट्रेलिया 2019 में चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से लगातार दो खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।



दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी (दाएं) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के ब्यू वेबस्टर के आउट होने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

**300** विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल हुए कमिंस

● ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 144/8 रन, कुल बढ़त हुई 218 रन

ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) 212 रन

दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) 138 रन

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**144/8** (40 ओवर)

| | |
|---|---|
| मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन | 22 |
| उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा | 06 |
| कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा | 00 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी | 13 |
| ट्रेविस हेड बो मुल्डर | 09 |
| ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी | 09 |
| एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा | 43 |
| पैट कमिंस बो एनगिडी | 06 |
| मिचेल स्टार्क खेल रहे हैं | 16 |
| नाथन लियोन खेल रहे हैं | 01 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 11-0-44-3, यानसेन 12-3-31-1, मुल्डर 6-0-14-1, एनगिडी 9-0-35-3, महाराज 2-0-10-0

# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन

● भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

# विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राहुल बोस। ● एजेंसी

● रग्बी के राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं।

## समुद्र में आग



केरल के तट से कुछ दूर सिंगापुर के जहाज में लगी आग कई दिन बाद भी बुझाई नहीं जा सकी है। जहाज में भरे विस्फोटकों में लगातार धमाके हो रहे हैं जिसकी वजह से आग और भड़कती जा रही है। एजेंसी

# आव्रजन छापों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन तेज

**ऑस्टिन, एजेंसी**

- पूरे अमेरिका में शुरू हुआ विरोध, सिएटल में आगजनी 80 से ज्यादा लोग हिरासत में

अमेरिका में आप्रवासियों पर छापेमारी और नेशनल गार्ड के सैनिकों को लॉस एंजिलिस भेजे जाने के खिलाफ जारी प्रदर्शनों ने राष्ट्रव्यापी रूप ले लिया है और ये सप्ताहांत तक जारी रहने की आशंका है। आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंसी के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन कुछ प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि वे आने वाले दिनों में और भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इसके तहत शनिवार को वाशिंगटन डीसी में ट्रंप की निर्धारित सैन्य परेड के समय देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि आप्रवासियों के खिलाफ छापेमारी और निर्वासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

बुधवार शाम सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सिएटल में एक संघीय इमारत की ओर मार्च किया, जहां आव्रजन मामलों की सुनवाई होती है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पास में एक डंपर को घसीटकर उसमें आग लगा दी। न्यूयॉर्क शहर में पुलिस ने मंगलवार शाम और बुधवार सुबह लोअर मैनहट्टन के फोले स्क्वायर में विरोध प्रदर्शन के दौरान 80 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस का अनुमान है कि लगभग 2,500 लोग इसमें शामिल हुए। इसी तरह न्यूयॉर्क सिटी, सेंट एंटोनियो, फिलाडेल्फिया, सैन फ्रैंसिस्को, शिकागो, डेनवर और स्पोकेन में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।



एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

### सेना ने अप्रवासियों को हिरासत में लेना शुरू किया

अमेरिका के सैनिकों ने हाल में देश की दक्षिणी सीमा पर घोषित किए गए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में अप्रवासियों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया है जिससे साफ है कि कानूनी कार्रवाई में सेना का दखल बढ़ रहा है। प्राधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल चैड कैंपबेल ने बताया कि पिछले सप्ताह सैनिकों ने न्यू मैक्सिको में सांता टेरेसा के पास एक राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में तीन अप्रवासियों को हिरासत में लिया। इन अप्रवासियों को तुरंत अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग को सौंप दिया गया।

## एक नजर

### इमरान की जमानत अर्जी पर सुनवाई की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने 19 करोड़ पाउंड के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका पर सुनवाई तथा जल्द रिहाई की उम्मीद जताई है। इमरान और बुशरा की रिहाई के मामले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की पीठ के सदस्य मोहम्मद आरिफ के छुट्टी पर जाने के कारण रद्द करने के साथ मामले को वाद सूची से हटा दिया गया। तहरीक के सदस्यों की मांग पर अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है।

### दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से 57 लोगों की मौत

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है, बृहस्पतिवार को आपदा स्थल का दौरा करने वाले एक मंत्री ने यह जानकारी दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी दक्षिण अफ्रीका के मथाथा शहर के आसपास आई बाढ़ एक वास्तविक आपदा और तबाही है, क्योंकि हमारे बहुत सारे लोगों की मौत हो गई।

### अभिनेत्री करिश्मा के पूर्व पति संजय कपूर का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के गार्ड्स पोलो क्लब में पोलो खेलते समय हार्ट अटैक से निधन हो गया। कुछ ही देर पहले उन्होंने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर एक्स पर पोस्ट की थी। करिश्मा कपूर और संजय कपूर की शादी 2003 में हुई थी। दोनों के दो बच्चे भी हुए, बेटी समायरा और बेटा कियान। शादी के कुछ सालों बाद दोनों के रिश्ते में दूरी आ गई और 2016 में उनका तलाक हो गया। तलाक के बाद संजय कपूर ने प्रिया सचदेव से शादी की थी।

### कांगो में नौका डूबने से 30 लोगों की मौत

**किन्शासा।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के उत्तर-पश्चिमी इक्वेटर प्रांत में खराब मौसम के कारण एक नौका के डूब जाने से कई छात्रों सहित कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। क्षेत्रीय प्रशासक जस्टिन मपुतु ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौका बिकोरो क्षेत्र में टुम्बा झील के किनारे ग्रामीणों और सामान को ले जा रही थी, जब बुधवार देर रात यह डूब गई। उन्होंने बताया कि 30 शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि कई अन्य लोग लापता हैं।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसी का अलर्ट इरान पर हमले की तैयारी में इजराइल

## इरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने की मंशा से की है पूरी तैयारी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी। गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।





### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी।

### ईरान पर इजराइल का हमला हो सकता है : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर इजराइल का हमला आसन्न नहीं है, लेकिन ऐसा हो सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि हमला हो सकता है। ट्रंप ने चिंता जताई कि अगर ईरान समझौते पर बातचीत नहीं करता है, तो पश्चिम एशिया में बड़े पैमाने पर संघर्ष छिड़ सकता है।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरानः आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया जताई कि वह एक सुरक्षित स्थान पर नई संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उधर, राजनयिकों ने बताया कि आईएईए के शासी निकाय के 19 सदस्य देशों ने वियना में एक बैठक में प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। रूस, चीन और बुर्किना फासो ने इसका विरोध किया जबकि 11 सदस्यों ने वोट नहीं दिया।

# हत्या के लिए क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा दे सकते हैं या नहीं, कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को इस मसले पर विचार करने के लिए राजी हो गया कि हत्या के अपराध के लिए दो बार दोषी ठहराए गए किसी एक व्यक्ति को क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा दी जा सकती है या नहीं।

यह मुद्दा तब उठा जब पीठ 2010 के दोहरे हत्याकांड के मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से 2015 में दिये गए फैसले से उत्पन्न एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की



- पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले से उत्पन्न याचिका पर सुप्रीम सुनवाई

पीठ को पता चला कि जुलाई 2016 में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि कई हत्याओं या उम्रकैद की सजा के प्रावधान वाले अन्य अपराधों के लिए उम्रकैद की कई सजाएं दी जा सकती हैं, लेकिन उन्हें क्रमिक रूप से चलाने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।

पीठ ने कहा, यह पता लगाने तक सीमित नोटिस जारी किया गया है कि क्या धारा 302 के तहत सजा दिये जाने के योग्य अपराधों के लिए दो बार दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा देना संविधान पीठ के फैसले में की गई टिप्पणियों के मद्देनजर वैध है। हाईकोर्ट ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या के लिए दोषी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि आजीवन कारावास, प्राकृतिक जीवन की अंतिम सांस तक कारावास की सजा है और इस तरह, उम्रकैद की दो सजा देना एक तरह से अनावश्यक है।

### जर्मन रक्षामंत्री सैन्य मदद पर चर्चा के लिए यूक्रेन पहुंचे

**कीव।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस यूक्रेन को सैन्य सहायता जारी रखने पर चर्चा के लिए राजधानी कीव पहुंचे हैं। जर्मन न्यूज पोर्टल टैगेसशाऊ की रिपोर्ट के अनुसार पिस्टोरियस बातचीत के लिए यूक्रेन आए हैं और यूक्रेन की स्थिति का जायजा लेने के बाद आगे की सैन्य सहायता पर चर्चा करेंगे। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति संघर्ष के समाधान में बाधा डालना और नाटो देश का सीधे तौर पर इसमें शामिल होना बताया हैं। विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियार भेज रहा कोई भी देश रूस के लिए वैध निशाना होगा।

## रूस में नवलनी के करीबी सहयोगी को सुनाई गई 18 साल जेल की सजा

**मॉस्को।** रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है।

रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

# हसीना ने किया यूनुस की अवैध सरकार के खिलाफ लोगों को एकजुट करने का आग्रह

**ढाका, एजेंसी**

बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से लोगों के साथ खड़े होने, उन्हें एकजुट करने और षड्यंत्रकारी और गुंडागर्दी करने वाले, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अवैध अंतरिम सरकार को हटाने के लिए एक मजबूत आंदोलन शुरू करने का आग्रह किया है।

अपने नवीनतम ऑडियो संदेश में 77 वर्षीय अवामी लीग अध्यक्ष ने यूनुस, उनके सहयोगियों और छात्र समन्वयकों को अपराधी कहा और उन पर सार्वजनिक धन की लूट, अवामी लीग के सदस्यों की हत्या और उनके घरों और व्यवसायों को लूटने का आरोप लगाया। पार्टी की मीडिया एजेंसी डेली रिपब्लिक की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने आरोप लगाया कि तथाकथित भेदभाव विरोधी आंदोलन के नेता विडंबना यह है कि देश भर में भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं, इस्लामी चरमपंथ के बड़े पैमाने पर उदय को बढ़ावा दे रहे हैं और इसके राजनीतिक तानेबाने को नष्ट कर रहे हैं।

शेख हसीना ने कहा कि आरक्षण विरोधी आंदोलन 15 जुलाई तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला करना, सरकारी इमारतों में आग लगाना और सड़कें अवरूद्ध करना शुरू कर दिया। उन्होंने एसएडी सदस्यों पर पुलिस और सैन्य कर्मियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए घरेलू सुरक्षा में अपने प्रशासन के दौरान जान-माल की सुरक्षा के लिए उठाये गये आवश्यक कामों को उजागर किया।

उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी पर लूटपाट और आतंकवाद में शामिल होने एवं हत्याओं और टेंडन काटने का आरोप लगाया।

### भारत के साथ अच्छे संबंध चाहता है बांग्लादेश: यूनुस

**लंदन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती रही, लेकिन हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। बुधवार को लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक ब्रोनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत में यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप सहित कई मुद्दों पर बात की। मैडॉक्स ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को जारी एक अनौपचारिक राजनयिक नोट का हवाला दिया और मामले पर ताजा जानकारी के बारे में पूछा। यूनुस ने कहा, यह जारी रहेगा, हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया बहुत कानूनी, बहुत उचित हो। हम भारत के साथ बेहतरीन संबंध बनाना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की बुनियादी समस्या हो।

## भारतीय मूल के डॉक्टर अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के चिकित्सक बॉबी मुक्कमला को अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) का 180वां अध्यक्ष बनाया गया है और वह इस संस्था की अगुवाई करने वाले भारतीय मूल के पहले चिकित्सक बन गए हैं।

एसोसिएशन के एक बयान के अनुसार कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ मुक्कमला ने मंगलवार को पद की शपथ ली। वह काफी समय से एएमए में सक्रिय रहे हैं। पिछले साल नवंबर को उनके मस्तिष्क में आठ सेंटीमीटर आकार के ट्यूमर का पता लगा था। बयान में उनके हवाले से कहा गया, कुछ महीने पहले, मुझे नहीं पता था कि वो रात कट भी पाएगी या नहीं। उन्होंने अपने गृहनगर फ्लिंट, मिशिगन में जल संकट से निपटने के उपायों में केंद्रीय भूमिका निभाई, जहां उनके माता-पिता 1970 की शुरुआत में भारत से आकर बस गए थे।

# भारत-पाकिस्तान को एक साथ ले आऊंगा : ट्रंप

**वाशिंगटन/सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**

- कहा- किसी भी समस्या का कर सकता हूं समाधान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से दुश्मनी रही है और वह दोनों देशों को एक साथ ले आएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि वह किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

व्हाइट हाउस में एक विधेयक पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम भारत और पाकिस्तान को एक साथ लाने जा रहे हैं। मैंने उनसे-भारत और पाकिस्तान से कहा कि कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से दुश्मनी है और मैं कुछ भी हल कर सकता हूं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है।

### फिर बोले, व्यापार के जरिए संघर्ष रुकवाया

ट्रंप ने फोन पर बातचीत और व्यापार के जरिए भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा दोहराया। कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका, मैंने इसे व्यापार के जरिये रोका। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसके बारे में कभी कोई खबर लिखी हुई देखी है, लेकिन यह बहुत, बहुत बढ़िया था। वे तैयारी कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि हमला करने की बारी पाकिस्तान की थी और अंततः वे परमाणु हथियारों का रुख करते। लेकिन मैंने इसे रोक दिया। मैंने दोनों से व्यापार के बारे में बात की। उन्होंने उनके नेताओं से कहा कि अगर आप एक-दूसरे पर परमाणु हथियार दागेंगे तो आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे।

## हमास का इजराइल समर्थित 12 लड़ाकों को मारने का दावा

**काहिरा।** हमास संचालित पुलिस बल की एक इकाई ने बृहस्पतिवार तड़के गाजा पट्टी में इज़राइल-समर्थित एक मिलिशिया के 12 सदस्यों को हिरासत में लेने के बाद मार डालने का दावा किया है।

इस घटना से कुछ घंटे पहले इजराइल समर्थित एक सहायता संगठन ने आरोप लगाया कि हमास ने उसके फलस्तीनी कर्मचारियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया, जिसमें पांच लोग मारे गए। यासिर अबू शबाब के नेतृत्व वाली मिलिशिया ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने हमास पर हमला कर पांच चरमपंथियों को मार गिराया, लेकिन अपने नुकसान का ज़िक्र नहीं किया।

साथ ही, मिलिशिया ने हमास पर सहायता कर्मियों को हिरासत में लेने और उनकी हत्या करने का भी आरोप लगाया। हमले में मारे गए लोगों की पहचान और हमलों को लेकर दावों और प्रतिदावों की तुरंत पुष्टि नहीं की।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत, तमाम लोग घायल

**कीव।** रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

## हैती में बढ़ते विस्थापन पर संरा चिंतित

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय संगठनों ने हैती में बढ़ती हिंसा के कारण आंतरिक विस्थापन में बड़े पैमाने पर हो रही वृद्धि पर चिंता जतायी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों का हवाले से बुधवार को बताया कि हैती में अब तक लगभग 13 लाख लोग हिंसा की वजह सेविस्थापित हो चुके हैं।

यह विस्थापित लोगों की तादाद में दिसंबर 2024 से 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह आंकड़ा अब तक का सबसे अधिक है। राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस हिंसा का मुख्य केंद्र बना हुआ है, लेकिन यह संकट अब केन्द्र और आर्टिबोनाइट जैसे अन्य क्षेत्रों में भी फैल गया है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हो रहे हैं। विस्थापित लोगों की संख्या कुछ ही महीनों में 68 हजार से बढ़कर 1.45 लाख हो गयी है। आर्टिबोनाइट क्षेत्र में दिसंबर 2024 से अब तक 90 हजार से अधिक लोग घर छोड़ चुके हैं, जबकि उत्तरी विभाग में विस्थापन में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है।

संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि विस्थापित परिवारों को अस्थायी शिविरों या भीड़भाड़ वाले घरों में रहना पड़ रहा है, जहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। दिसंबर 2024 से, अब तक स्वतः बने विस्थापन स्थलों की संख्या 142 से बढ़कर 246 हो गयी है, जिनमें सबसे बड़ी वृद्धि सेंटर डिपार्टमेंट में हुयी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 83 प्रतिशत विस्थापित लोग परिवारों के पास रह रहे हैं, जिससे पहले से ही कमजोर ग्रामीण समुदायों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

**हिटलरशाही** पाकिस्तान ने बगैर मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित

# अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

**तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी**

- अक्टूबर 2023 में शुरू की गई कार्रवाई के बाद 10 लाख अफगान छोड़ चुके पाकिस्तान

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

### कुछ भी साथ लिए बिना छोड़ना पड़ा देश

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ पीछे छूट गया। हमने वर्षों में उन चीज़ों को इकट्ठा किया था। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे। पाकिस्तान में कहीं और रहने वाले अफगानों के लिए कोई विशेष समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। शेर खान को डर था कि समय-सीमा में चूक के परिणामस्वरूप उन्हें, उनकी पत्नी और बच्चों को पुलिस थाने ले जाया जा सकता था, जो उनके परिवार की गरिमा को ठेस पहुंचाता।